

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 232

ग्वालियर, गुरुवार, 14 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# भारत को गति, शक्ति देगा गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लानः प्रधानमंत्री श्री मोदी

**नई दिल्ली/ भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में आत्म-निर्भर भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हम अगले 25 वर्षों के भारत की बुनियाद रख रहे हैं। पी.एम. गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के इसी आत्म बल और आत्म-विश्वास को आत्म-निर्भरता के विजन तक ले जाने वाला है। यह प्लान 21वीं सदी के भारत को गति एवं शक्ति देगा। नेक्स्ट जनरेशन इन्फ्रास्ट्र-क्चर और मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी से देश को गति शक्ति मिलेगी। अधोसंरचना से जुड़ी सरकारी नीतियों में योजना निर्माण से लेकर क्रियान्वयन कर तक को यह प्लान गति देगा। सरकार के प्रोजेक्ट समय-सीमा में पूरे हों, इसके लिए यह प्लान सही जानकारी और सटीक मार्ग-दर्शन प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज प्रगति मैदान दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान कार्यक्रम में मिंटो हॉल, भोपाल से वर्चुअली सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मिंटो हाल में राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस ऑन मल्ट इन्फ्रा-स्ट्रक्चर कनेक्टिविटी का शुभारंभ भी किया। मिंटो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगाँव, प्रमुख सचिव उद्योग संजय शुक्ला सहित अन्य अधिकारी, उद्योगपति तथा व्यापार जगत के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



**21वीं सदी का भारत पुरानी सोच को पीछे छोड़ कर आगे बढ़ रहा हैः** प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि गति शक्ति के इस महाभियान के केन्द्र में भारत के लोग, भारत के उद्योग-व्यापार जगत, निर्माता, किसान और भारत के गाँव हैं। यह भारत की वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए 21वीं सदी के भारत के निर्माण को नई ऊर्जा देगा और अवरोधों को दूर करेगा। आज 21वीं सदी का भारत सरकारी व्यवस्थाओं की पुरानी सोच को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रहा है। आज का मंत्र है विल फॉर प्रोग्रेस, वर्क फॉर प्रोग्रेस, प्लान फॉर प्रोग्रेस, प्रिफ्रेंस फॉर प्रोग्रेस। अर्थात विकास की इच्छा-शक्ति, विकास के लिये कार्य, विकास के लिये योजना तथा विकास के लिए प्राथमिकता। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमने परियोजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा करने का वर्क कल्चर विकसित किया है। इस मास्टर प्लान को आधार बनाकर गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। इससे गुणवत्तायुक्त अधोसंरचना के निर्माण तथा नई आर्थिक गतिविधियों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकास के महाभियान में जुटा है मध्यप्रदेशः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन, कल्पनाशील मस्तिष्क, विकास की ललक, रोडमैप तैयार करना और उस पर पूरी ताकत से पूरे देश को चलाना, सचमुच अद्भुत है। वे एक नया भारत गढ़ रहे हैं। विकास के इस महा अभियान में मध्यप्रदेश पूरी ताकत से जुटेगा। मध्यप्रदेश तत्काल पी.एम. गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से जुड़ने का फैसला करता है।

**टैक्सपेयर के एक-एक पैसे का सही उपयोग हो यह दायित्व सरकारों का भी है और अधिकारियों का भीः** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि विकास के लिए सामूहिक शक्ति और एकजुटता से ताकत लगाने की आवश्यकता है। विभिन्न विभागों की गतिविधियों में परस्पर समन्वय जरूरी है। टैक्सपेयर के एक-एक पैसे का कैसे सही उपयोग हो, यह दायित्व सरकारों का और अधिकारियों का भी है। अतः हम प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलेंगे और मध्यप्रदेश सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करेगा।

## खास खबर

### कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर शमीम मुठभेड़ में ढेर किया गया

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने कश्मीर के त्राल में जैश-ए-मुहम्मद के जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर शमीम उर्फ शाम सोफी को मार गिराया। अवंतीपोरा के त्राल के तिलवानी मोहल्ला में सुरक्षा बलों को जब आतंकी की मौजूदगी का इनपुट मिला तो कार्रवाई शुरू की गई। यह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी है। पिछले तीन दिनों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच यह छठी मुठभेड़ है। इस दौरान सुरक्षाबलों ने इस अब तक 8 आतंकियों को मार गिराया है। इस बीच राजौरी और पुंछ में सेना और पुलिस का आतंकियों के खिलाफ तलाशी अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी है। ऊंची पहाड़ियों और घने जंगल होने की वजह से सुरक्षा बलों को अब तक सफलता नहीं मिली है। सुरक्षा बल उन आतंकियों की तलाश में दिन-रात लगे हैं जिनके खिलाफ कार्रवाई में रविवार देर रात सेना के एक जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गये थे।

### कानून मंत्री बृजेश पाठक भाजपा कार्यकर्ता शुभम के घर पहुंचे

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक बुधवार को यहां लखीमपुर पहुंचे और तीन अक्टूबर को हुई हिंसा में जान गंवाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता और एक चालक के परिवारों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उप्र के मंत्री बिना किसी आधिकारिक प्रोटोकॉल के जिले में पहुंचे और शहर के शिवपुरी इलाके में भाजपा कार्यकर्ता शुभम मिश्रा और फरधन (खीरी) इलाके के परसेहरा खुर्द गांव में चालक हरिओम मिश्रा के परिवार से मिलने गए। तीन अक्टूबर को तिकोनिया हिंसा में मारे गए लोगों में शुभम मिश्रा, श्याम सुंदर और हरिओम भी शामिल थे। इसके अलावा मृतकों में चार किसानों और एक स्थानीय पत्रकार समेत कुल आठ लोग शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि मंत्री भाजपा के अन्य कार्यकर्ता श्याम सुंदर के घर नही गये । जिला उपाध्यक्ष विजय मिश्रा और अनुराग मिश्रा ने कानून मंत्री बृजेश पाठक ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और हर तरह की सहायता का आश्वासन दिया।

### अजय मिश्रा पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लखीमपुर में भाजपा नेताओं के काफिले की कार से किसानों के कुचलने और फिर हिंसा भड़कने का मामला अब राष्ट्रपति के दरबार में पहुंच गया है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रेसिडेंट से मिलने के बाद निकले राहुल गांधी ने कहा कि हमने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को पद से हटाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले की सही से जांच होने के लिए यह जरूरी है कि अजय मिश्रा को पद से हटा दिया जाए। इसके साथ ही हमने सुप्रीम कोर्ट के दो मौजूदा जजों की ओर से मामले की जांच कराए जाने की भी मांग रखी है। राहुल गांधी ने कहा कि हमने पिछले दिनों पीड़ित परिवारों से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस नेता ने कहा, हमने राष्ट्रपति को बताया है कि पीड़ित परिवार दो चीजें चाहते हैं। पहली बात यह है कि वे न्याय चाहते हैं। उनका कहना है कि जिस व्यक्ति ने ये हत्याएं की हैं, उसे सजा मिले। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि जिस व्यक्ति ने हत्याएं की हैं, इसलिए जब तक वह मिनिस्टर हैं, तब तक सही जांच और न्याय नहीं मिल सकता है। हमने यह बात देश के राष्ट्रपति को बताई और हमने कहा कि यह सिर्फ पीड़ित परिवारों की ही नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान की आवाज है। यही नहीं राहुल गांधी ने लखीमपुर कांड का ठीकरा अजय मिश्रा पर भी फोड़ा। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने पहले ही किसानों को धमकी दी थी।

## लोग गांधी के बदले सावरकर को देश का राष्ट्रपिता बना देंगेः राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान पर असदुद्दीन ओवैसी ने पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि महात्मा गांधी के कहने पर सावरकर ने अंग्रेजी सरकार के सामने मर्सी पेटिशन फाइल की थी। ओवैसी ने राजनाथ सिंह के बयान पर हमला करते हुए कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो वे एक दिन महात्मा गांधी को हटा कर सावरकर को देश का राष्ट्रपिता बना देंगे। 1910 के दशक में अंडमान में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सावरकर की दया याचिकाओं के बारे में विवाद का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने मंत्री ने कहा कि यह एक कैदी का अधिकार था और उन्होंने महात्मा गांधी के कहने पर ऐसा किया। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, वे विकृत इतिहास पेश कर रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो वे महात्मा गांधी को हटा देंगे और सावरकर को राष्ट्रपिता बना देंगे, जिन पर महात्मा गांधी की हत्या का आरोप था और जिन्हें जस्टिस जीवन लाल कपूर की जांच में हत्या में शामिल करार दिया गया था। राजनाथ सिंह ने कहा, सावरकर के खिलाफ झूठ फैलाया गया। बार-बार यह बात कही गई कि उन्होंने अंग्रेजी सरकार के सामने अनेकों मर्सी पिटिशन फाइल की। मगर सच्चाई है कि मर्सी पिटिशनउन्होंने अपने को रिहा किए जाने को लेकर नहीं फाइल की थी। सामान्यता एक कैदी को पूरा अधिकार होता है कि अगर वह मर्सी पिटिशन फाइल करना चाहे तो वह कर सकता है। महात्मा गांधी ने उन्हें कहा था कि आप मर्सी पिटिशन फाइल कीजिए। महात्मा गांधी के कहने पर उन्होंने मर्सी पिटिशन फाइल की थी और महात्मा गांधी ने अपनी ओर से अपील की थी, उन्होंने कहा था कि अगर सावरकर जी को रिहा किया जाना चाहिए, जैसे हम शांतिपूर्ण तरीके से आजादी हासिल करने के लिए आंदोलन चला रहे हैं, वैसे ही सावरकर जी भी करेंगे। यह बात महात्मा गांधी जी ने कही थी। मगर उन्हें बदनाम करने के लिए इस प्रकार की कोशिश की जाती है कि उन्होंने मर्सी पिटिशन फाइल की थी, उन्होंने क्षमा याचा मांगी थी, उन्होंने रिहाई की बात की थी, ये सब बाते गलत और बेबुनियाद है। राजनाथ सिंह उदय माहूरकर और चिरायु पंडित द्वारा लिखित पुस्तक वीर सावरकर- द मैन हू कैन्ड प्रिवेंटेड पार्टिशन के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सावरकर को शेर बताते हुए कहा कि जब तक शेर अपनी कहानी खुद नहीं कहता, तब तक शिकारी महान बना रहता है।

## यूपीएससी में चयनित होनहार युवाओं का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान, बोले - प्रदेश की प्रतिभा-संपदा



**भोपाल।** इस बार यूपीएससी के नतीजों में प्रदेश के 38 युवाओं ने चयनित होते हुए कीर्तिमान स्थापित किया। ऐसे ही होनहार युवाओं को सम्मानित करने के लिए राजधानी के मिंटो हॉल में सफलता के मंत्र एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यूपीएससी में चयनित प्रदेश की युवा प्रतिभाओं को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।


इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूपीएससी में चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज अष्टमी का दिन है। नवरात्रि साधना का पर्व है। यह ऊर्जा प्राप्त करने का पर्व है। यह साधना का पर्व है और सिद्धि साधना से ही प्राप्त होती है। अष्टमी के दिन हमने इसलिए चुना कि पूरे मध्य प्रदेश के बेटा-बेटियों को आपके माध्यम से प्रेरित कर सकें। मध्यप्रदेश देश का दिल है, लेकिन तुमने मध्यप्रदेश का दिल जीत लिया है। मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। मध्यप्रदेश ने नया रिकॉर्ड बनाया है। गर्व से मैं कह सकता हूँ कि मध्यप्रदेश में प्रतिभा सम्पदा भी है। ये इन बच्चों से सिद्ध कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने प्रतिभाशाली बच्चों को अभाव में देखा तो मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना बनाई, जिसमें तय किया कि आईआईटी, मेडिकल में भी एडमिशन होगा तो फीस मम्मी-पापा नहीं भरवाएंगे, मामा भरवाएगा। दिल में जब तड़प होती है तो ऐसी योजनाएं निकलती हैं।

**सुनाई सफलता की कहानीः** इस कार्यक्रम के दौरान यूपीएससी में चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए परिश्रम और प्राप्त सफलता की कहानी भी सुनाई जा रही है।







## वन-टू-वन

### आईपीएल में दो नई टीमों को खरीदने की समयसीमा 20 अक्टूबर तक बढ़ी



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2022 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए दो नई टीमों को खरीदने की समय सीमा दस दिनों के लिए बड़ा दी है। अब नई टीम खरीदने के लिए निविदा दस्तावेज दस 10 अक्टूबर की जगह 20 अक्टूबर तक लिए जा सकेंगे। दो नई फ्रेंचाइजी में प्रत्येक की कीमत 3500 करोड़ रूपए से कम की नहीं होगी। आईपीएल की संचालन परिषद ने 31 अगस्त को 10 लाख रूपए के निविदा शुल्क के भुगतान पर 'निविदा आमंत्रण% (आईटीटी) दस्तावेज जारी किया था। इसे पहले 10 अक्टूबर तक के लिए ही रखा गया था। बीसीसीआई के अनुसार विभिन्न इच्छुक कंपनियों के अनुरोध को देखते हुए ही आईटीटी दस्तावेज खरीदने की समयसीमा 20 अक्टूबर तक के लिए बढ़ायी गयी है। बीसीसीआई नये सत्र में आठ की जगह पर दस टीमों को उतारना चाहती है। दो नई टीमें अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे से हो सकती हैं। अनुमान है कि कोटक समूह , ओरोबिंदो फार्मा, टोरेंट फार्मा, आरपी-संजीव गोयंका ग्रुप, बिड़ला ग्रुप और अडानी ग्रुप जैसे बड़े कारोबारी घराने आईपीएल टीम खरीदना चाहते हैं। बीसीसीआई को इन दोनो टीमों से 7000 करोड़ रूपये की कमाई करने की उम्मीद है हालांकि प्रत्येक टीम का आधार मूल्य 2000 करोड़ रूपए रखा गया है जो बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने तीन दल के समूह को बोली लगाने की अनुमति दी है। नई टीमों की घोषणा दुबई में 25 अक्टूबर हो सकती है।

### भारत से टी20 विश्वकप में मुकाबला आसान नहीं रहेगा: मियांदाद

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने कहा है कि टी20 विश्वकप में 24 अक्टूबर को भारत से होने वाला मुकाबला आसान नहीं रहेगा। मियांदाद के अनुसार इस मैच में हर खिलाड़ी को अपनी भूमिका ठीक से निभानी होगी तभी टीम जीत सकती है। मियांदाद ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि आम तौर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भारत के खिलाफ मैच में भी बेहतर प्रदर्शन करें। हर खिलाड़ी को अपनी भूमिका के अनुसार खेलना होगा। उन्होंने साथ ही कहा कि प्रदर्शन में निरंतरता भारत को हराने के लिए सबसे जरुरी चाहिये। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नये अध्यक्ष रमीज़ राजा से कहा है कि क्रिकेट और मैच जीतने पर ज्यादा ध्यान दिया जाये। पाक टीम आज तक कभी भी विश्व कप में भारत से नहीं जीत पायी है। पिछली बार दोनों टीमें 2019 में एकदिवसीय विश्व कप में खेलीं थीं। तब मैनचेस्टर में हुए मैच में भारत ने पाक टीम को 89 रनों से हरा दिया था। तब भारत की ओर से रोहित शर्मा ने 140 रन की पारी खेली थी। वहीं, दोनों देश पिछली बार 2016 में टी20 विश्व कप में आमने-सामने हुए थे। कोलकाता में हुए उस मुकाबले में भी भारतीय टीम ने 6 विकेट से पाक को हराया था। तब विराट कोहली ने 55 रन की आक्रामक पारी खेली थी।

### रिलायंस ने जर्मन कंपनी में किया 218 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली)।** रिलायंस ने जर्मनी की सेमीकंडक्टर्स चिप बनाने वाली कंपनी नेक्सवाफे में 218 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह भारतीय बाजार के लिए एक रणनीतिक डील है। नेक्सवाफे हाई इफीसिएंसी मोनोक्रिस्टलाइन सिलिकॉन वेफर्स बनाती है। ये सिलिकॉन वेफर्स सेमीकंडक्टर्स के उत्पादन के लिए अहम होते हैं। रिलायंस द्वारा नेक्सवेफ में निवेश उत्पाद और प्रौद्योगिकी विकास में तेजी लाएगा। आजकल हर तरह के इलेक्टॉनिक डिवाइसेज में सेमीकंडक्टर का उपयोग होता है। रिलायंस इस साझेदारी के माध्यम से प्रौद्योगिकी का उपयोग करके भारत में बड़े पैमाने पर वेफर निर्माण की योजना बना रही है। इस बारे में की गई एक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा है कि रिलायंस ने नेक्सावाफे के साथ एक करार किया है. इस करार के तहत रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड 218 करोड़ करोड़ रुपए प्रति शेयर के भाव पर नेक्सावाफे के 86,887 सीरीज सी प्रिफर्ड शेयरों का अधिग्रहण करेगी। इसके अलावा36,201 वारंट भी इश्यू किए जाएंगे। हाल ही में आरआईएल ने एक और एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि उसकी सोलर यूनिट रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड ने डेनमार्क की कंपनी स्टीस्डाल के साथ पार्टनरशिप की है। दोनों कंपनियां मिलकर हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर्स बनाएंगी।

### जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के आरोप का इनवेस्को ने दिया जबाव

**मुंबई।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सबसे बड़े शेयरधारक इनवेस्को ने स्वीकार कि उसके द्वारा रिलायंस और जी एंटरटेनमेंट के बीच संभावित सौदे को सुविधाजनक बनाने की कोशिश की थी, लेकिन कम मूल्यांकन पर समझौता तय करने या लेनदेन के लिए कोई दबाव नहीं डाला था। इनवेस्को की तरफ बयान दरअसल जी एंटरटेनमेंट के प्रमुख पुनीत गोयनका के बयान के बाद आया है।उन्होंने इनवेस्को पर इस साल फरवरी में एक बड़े भारतीय समूह (रणनीतिक समूह) के स्वामित्व वाली कंपनी और कुछ संस्थाओं के साथ विलय के लिए एक प्रस्ताव लाने का आरोप लगाया था। इनवेस्को ने बताया कि रिलायंस उसमें से एक बड़ा भारतीय समूह था।जबकि जी ने शेयर बाजार को जानकारी में हालांकि उस रणनीतिक भारतीय समूह (रिलायंस) के नाम का खुलासा नहीं किया था।

# शूटआउट में ओडिशा नवल टाटा को हराकर मप्र हॉकी अकादमी ने जीता खिताब

### प्रथम हॉकी इंडिया सब जूनियर बालक अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनशिप-2021

### खेलमंत्री यशोधरा राजे ने बधाई दी



**भोपाल।** भोपाल में खेली गई प्रथम सब जूनियर बालक अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनिशप-2021 में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए फाइनल में ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर को शूटआउट में 6-4 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर थी। वहीं, तीसरे स्थान के मुकाबले में राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी ने एसजीपीसी हॉकी अकादमी को एकतरफा 5-1 से पराजित किया। चैंपियनशिप का आयोजन हॉकी इंडिया एवं मप्र खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने मप्र हॉकी अकादमी की जीत पर टीम को बधाई दी है। उन्होंने टीम की इस जीत को मील का पत्थर करार दिया। साई सेंटर ग्राम गोरा के टर्फ मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहले ही क्वार्टर से मप्र हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों ने दबाव बनाने का प्रयास किया। मैच के 10वें मिनट में मप्र हॉकी अकादमी को पेनल्टी स्ट्रोक मिल गया। मप्र हॉकी अकादमी के सद्दाम अहमद ने इसे गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दबाव में आई ओडिशा नवल टाटा की टीम ने ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। दूसरे क्वार्टर में भी ओडिशा नवल टाटा ने कई हमले किए लेकिन, मप्र हॉकी अकादमी के गोलकीपर अमान खान ने इन्हें विफल कर दिया। मैच के 21वें मिनट में ओडिशा नवल टाटा को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर कप्तान जसमान मुंडा ने गोल करके टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर में खेल और भी रोमांचक हुआ। मप्र हॉकी अकादमी ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए छोटे-छोटे पास पर खेलना शुरू किया। कोच समीर दाद की इस रणनीति से टीम को सफलता भी मिली। मैच के 32वें मिनट में सुभान आबिद ने मैदानी गोल करते हुए टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। ओडिशा नवल टाटा ने इस दबाव से उबरने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। दो मिनट बाद ही ओडिशा नवल टाटा को पेनल्टी कॉर्नर मिल गया, जिस पर रिकी टोंजेम ने गोल करते हुए स्कोर 2-2 की बराबरी पर ला दिया। मप्र हॉकी अकादमी ने फिर एक बार अपनी रणनीति बदलते हुए आक्रामक खेल दिखाया। कप्तान अली अहमद ने 36वें मिनट में मैदानी गोल करते हुए टीम को 3-2 की बढ़त पर ला दिया। मैच का चौथा और अंतिम क्वार्टर काफी रोमांचक रहा। दोनों ही टीमें बराबरी से हमला करती रही। हालांकि, ओडिशा नवल टाटा को मैच के 55वें मिनट में इरेंगबम रोहित सिंह ने मैदानी गोल करते हुए स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। मैच का फैसला शूटआउट से हुआ।

**मप्र हॉकी अकादमी के गोलकीपर अमान बने ढाल:** शूटआउट में मप्र हॉकी अकादमी की टीम के गोलकीपर अमान खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार में से तीन बचाव किए। वहीं, ओडिशा नवल टाटा की टीम के गोली नेलसन बारला पांच में से दो ही गोल बचा पाए। मप्र हॉकी अकादमी की ओर से कप्तान अली अहमद, अरहम जमीर अंसारी और मोहम्मद कोनैन दाद ने गोल किए। सद्दाम अहमद और सुभान आबिद गोल करने से चूक गए। वहीं, ओडिशा नवल टाटा की ओर से इरेंगबम रोहित सिंह ने एकमात्र शूट किया।

### आईपीएल के अनुभवों का लाभ विश्व कप में मिलेगा : मार्कराम

**अबु धाबी।** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर एडेन मार्कराम के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने से मिले अनुभवों का लाभ उन्हें टी20 विश्व कप में मिलेगा। मार्कराम के अनुसार इससे वह बेहतर तरीके से दबाव के माहौल से निपट पायेंगे। मार्कराम ने पंजाब किंग्स की ओर से आईपीएल 14 में छह पारियां खेली जिसमें उनका सबसे अधिक स्कोर 42 रन रहा। वह दक्षिण अफ्रीका की ओर से आम तौर पर पारी की शुरुआत करते हैं पर आईपीएल में मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्हें उम्मीद है कि विश्व कप में इस अनुभव का उन्हें लाभ होगा। मार्कराम ने कहा, 'यह शानदार अनुभव था। यह क्रिकेट के उच्च स्तर पर हालातों से तालमेल बैठाने और कुछ सीखने के मामले में अच्छा रहा।

# नये सिक्सर किंग बनकर उभरे हैं न्यूजीलैंड के फिलिप्स

**दुबई।** न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स अपनी लंबे छक्के मारने की कला के कारण टी20 क्रिकेट के नये सिक्सर किंग बनकर उभरे हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी को देखते हुए अब क्रिस गेल , एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज भी पीछे हो गये हैं। अपनी इसी पावर हिटिंग की क्षमता के कारण ही आज दुनियाभर की टी20 लीग में फिलिप्स की जबरदस्त मांग है। फिलिप्स ने इस साल टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 89 छक्के लगाए। उन्होंने इस सफलता का श्रेय जिम में की गयी मेहनत को दिया है।

फिलिप्स के लंबे-लंबे छक्कों का राज जिम में किया व्यायाम है। इस युवा बल्लेबाज ने कहा कि जिम में लंबा समय बिताने की वजह से ही उनकी छक्के लगाने की क्षमताएं बेहतर हुई है। साथ ही कहा कि मैं वेट ट्रेनिंग के साथ रोज 800 प्रेस-अप्स लगाता हूं। मेरे छक्के मारने का यही राज है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि ये जिम में मेरी मेहनत और क्रिकेट की मेरी समझ दोनों का मिलाजुला फल है। यह समझना भी जरूरी है कि आपकी बल्लेबाजी का मजबूत पक्ष क्या है। मुझे यह पता है, इसलिए मैं हर गेंद को छक्का मारने के बजाए उस गेंद को चुनता हूं, जो मेरे जोन में रहती है।

फिलिप्स ने 2021 में अब तक सबसे ज्यादा 89 छक्के लगाये हैं। उन्होंने इस साल 48 मैच में 150 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 1289 रन बनाए हैं। फिलिप्स ने 9 अर्धशतक भी लगाये हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन हैं। उन्होंने इस साल 38 मैच में 82 छक्के लगाए हैं। लिविंगस्टोन ने इस दौरान 154 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 1255 रन बनाये हैं। उन्होंने 1 शतक और 8 अर्धशतक भी लगाए हैं। इस साल टी20 में छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में वेस्टइंडीज के एविन लुईस तीसरे पायदान पर है। उन्होंने 29 मैचों में 75 छक्के लगाए हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज गेल ने इस साल 41 छक्के जमाए हैं।

### आईपीएल के अगले सत्र में डिविलियर्स को शामिल नहीं करे आरसीबी : हॉग

**सिडनी।** इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद भी बाहर हुई रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ब्रैड हॉग ने एक सुझाव दिया है। हॉग ने कहा है कि आरसीबी को अब अगले सत्र में दक्षिण अफ्रीकी स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स को टीम में बरकरार नहीं रखना चाहिये। हॉग के अनुसार अगले साल आईपीएल तक डिविलियर्स की उम्र 38 साल हो जाएगी और ऐसे में उन्हें टीम में बनाये रखना ?नुकसानदेह हो सकता है। हॉग ने ये बात तब कही जब एक सोशल मीडिया यूजर ने आरसीबी से कोहली के पद छोड़ने के साथ डिविलियर्स को नेतृत्व की जिम्मेदारी देने को कहा था। इस प्रशंसक ने लिखा, अगर आप आरसीबी में डिविलियर्स के साथ खेलना चाहते हैं तो आपको पता होना चाहिए कि उनका इस्तेमाल कैसे करना है ना कि नंबर 5 या नंबर 6 पर। वहीं दूसरी बात विराट ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया, इसलिए बिना किसी संदेह के डिविलियर्स को कप्तानी दे देनी चाहिये। अगर ऐसा नहीं कर सकते तो छोड़ दें। मेरा मतलब है कि उन्हें रिलीज कर दें जिससे दूसरी टीम खरीद कर लाभ उठा सके।

# रोनाल्डो की हैट्रिक से पुर्तगाल ने लक्समबर्ग को 5-0 से हराया



**लीमा।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैट्रिक से पुर्तगाल टीम ने कतर में अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर्स में आसान जीत हासिल की है। इससे रोनाल्डो के कुल गोल की संख्या बढ़कर 115 पर पहुंच गयी है। रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल ने लक्समबर्ग को 5-0 से हराया। रोनाल्डो की यह पुर्तगाल की तरफ से 10वीं हैट्रिक है। रोनाल्डो ने आठवें और 13वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किये और 87वें मिनट में हैट्रिक बनायी। वहीं पुर्तगाल की ओर से अन्य दो गोल ब्रूनो फर्नांडिस और जोओ पालिन्हा ने किये। इस जीत के बाद भी पुर्तगाल ग्रुप ए में सर्बिया से पीछे है हालांकि उसने एक मैच कम खेला है। वहीं सर्बिया ने एक अन्य मैच में अजरबेजान को 3-1 से हराया। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम विश्व कप के लिये सीधे विश्वकप के लिए क्वालीफाई करेगी जबकि दूसरे स्थान की टीम प्लेऑफ में खेलेगी। एक अन्य मैच में डेनमार्क ने एक और जीत से ही टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली है। इसी के साथ ही डेनमार्क यूरोपीय देशों में विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने वाला दूसरा देश बन गया है। उसने कोपेनहेगेन में खेले गये इस मैच में जोकिम मेहले के दूसरे हाफ में किये गये गोल की सहायता से ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया। डेनमार्क की यह लगातार आठवीं जीत है जिससे उसने ग्रुप एफ में अपना शीर्ष स्थान तय किया। वहीं जर्मनी यूरोप से क्वालीफाई करने वाला पहला देश था। डेनमार्क ने दूसरे नंबर की टीम स्कॉटलैंड पर सात अंक की अजेय बढ़त हासिल की है।

## पेट्रोल और डीजल में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के ऊंचे स्तर पर बने रहने के बीच बुधवार को लगातार दूसरे दिन देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सोमवार को लगातार सातवें दिन घरेलू स्तर पर पेट्रोल 30 पैसे प्रति लीटर और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया था। इस बढ़त के बाद दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपए प्रति लीटर और डीजल भी 93.17 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। मुंबई में पेट्रोल 110.38 रुपए और डीजल 101. रुपये प्रति लीटर पर है। अभी देश के अधिकांश प्रमुख बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो गयी है और




डीजल भी शतक लगाने की ओर बढ़ रहा है। इस महीने में सोमवार चार अक्टूबर को छोड़कर शेष पिछले 11 में से 10 दिनों में पेट्रोल 2.80 रुपए महंगा हो चुका है। डीजल भी इस दौरान 3.30 रुपए प्रति लीटर चढ़ चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल अभी भी ऊंचे स्तर पर बना हुआ। मंगलवार को अमेरिका में कच्चे तेल में उतार चढ़ाव का रुख देखा गया। इस दौरान कल रात कारोबार बंद होने पर ब्रेंट क्रूड 0.23 डॉलर की गिरावट लेकर 83.42 डॉलर प्रति बैरल पर रहा जबकि अमेरिकी क्रूड 0.10 डॉलर बढ़कर 80.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 93.17 रुपए प्रति लिटर, मुंबई में पेट्रोल 110.38 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 101.00 रुपए पति लिटर, चेन्नई में पेट्रोल 101.76 रुपि प्र?ति ?लिटर, डीजल 97.56 रुपए प्रति ??लिटर और कोलकाता में पेट्रोल 105.05 रुपए प्रति लिटर और डीजल 96.24 रुपए प्र?ति ?लिटर है।

# फोर्ड ने यूएस में 126,000 एक्सप्लोरर मॉडल वापस मंगाए




**नई दिल्ली।** फोर्ड मोटर कंपनी ने रियर सस्पेंशन फेल होने की संभावना को देखते हुए यूएस में 126,000 एक्सप्लोरर मॉडल वापस मंगाए हैं। बताया गया है ?कि इन वाहनों में सस्पेंशन घटक होते हैं जिनके टूटने की संभावना अधिक हैं। इन मॉडल में 2011-2013 मॉडल वर्ष एक्सप्लोरर्स भी शामिल हैं जिन्हें पहले इसी मुद्दे के लिए 2019 के जुलाई में भी वापस बुलाया गया था। पहले से प्रभावित वाहनों को फोर्ड डीलरशिप में एक रियर के साथ सर्विस किया गया हो सकता है, जिसमें जेडएफ द्वारा उत्पादित एक टो लिंक क्रॉस-एक्सिस बॉल जॉइंट अटैचमेंट होता है जो सीज हो सकता है, जिससे रियर सस्पेंशन टो लिंक के आउटबोर्ड सेक्शन में दरार आ सकती है। यदि रियर लिंक टूट जाता है तो इससे स्टीयरिंग पर नियंत्रण कम हो सकता है, जिससे दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाएगा। फोर्ड द्वारा एकत्र किए गए फील्ड डेटा के अनुसार, रियर टो लिंक विशेष रूप से उच्च संक्षारण भेद्यता वाले क्षेत्रों में कमजोर होता है जहां सर्दियों में रोड सॉल्ट का उपयोग किया जाता है। फोर्ड द्वारा रिकॉल में 2011 के 39,747 एक्सप्लोरर मॉडल, 2012 के 41,572 और 2013 के 44,714 मॉडल शामिल हैं। प्रभावित वाहन 17 मई, 2010 से 3 सितंबर, 2012 के बीच बनाए गए थे। विशेष रूप से रिकॉल उन एक्सप्लोरर मॉडल को प्रभावित करता है जो पंजीकृत हैं या अमेरिका के कुछ क्षेत्रों जैसे कनेक्टिकट, डेलावेयर, इलिनोइस, इंडियाना, आयोवा में नए बेचे गए हैं। फोर्ड कंपनी ने इस बात की सूचना दी है कि प्रभावित वाहनों के मालिकों को इस साल 1 नवंबर से मेल द्वारा सूचित किया जाएगा। जिसके बाद उन्हें अपने वाहन को नजदीकी स्थानीय फोर्ड या डीलरशिप पर ले जाने की सलाह दी जाएगी। डीलरशिप पर इंजीनियर प्रभावित वाहन के निलंबन का निरीक्षण करेंगे और यदि उन्हें पता चलता है कि पिछले रिकॉल से रिप्लेसमेंट कम्पानेंट मौजूद हैं तो वे इसे और अन्य घटकों को आवश्यकतानुसार बदल देंगे।

# टाटा मोटर्स यात्री ईवी कारोबार के लिए एक अरब डॉलर जुटाएगी





**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन कंपनी टाटा मोटर्स ?लिमिटेड (टीएमएल) ने कहा कि वह यात्री इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार के लिए टीपीजी राइज क्लाइमेट से एक अरब डॉलर (7,500 करोड़ रुपए) जुटाएगी। यह राशि कारोबार के 9.1 अरब डॉलर तक के मूल्यांकन के आधार पर जुटाई जाएगी। कोष का उपयोग कंपनी की नई अनुषंगी इकाई टीएमएल ईवी कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को बढ़ाने के लिए अगले पांच साल में दो अरब डॉलर से अधिक के निवेश के वित्तपोषण में करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा मोटर्स और टीपीजी राइज क्लाइमेट ने बाध्यकारी समझौता किया है। इसके तहत टीपीजी राइज क्लाइमेट अपने सह-निवेशक एडीक्यू के साथ टाटा मोटर्स की अनुषंगी इकाई में निवेश करेगी। इस अनुषंगी इकाई का गठन हाल में हुआ है। टीपीजी राइज क्लाइमेट निजी निवेश कंपनी टीपीजी के जलवायु क्षेत्र से जुड़ी इकाइयों में निवेश के लिए बनाई गई इकाई है। बयान के अनुसार टीपीजी राइज क्लामेट अपने सह-निवेशक के साथ 11 से 15 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अनिवार्य परिवर्तनीय निवेश उत्पाद में 7,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके आधार पर कंपनी का इक्विटी मूल्यांकन 9.1 अरब डॉलर का आंका गया है। एडीक्यू अबू धाबी सरकार की रणनीतिक भागीदारी है और क्षेत्र की सबसे बड़ी होल्डिंग कंपनियों में से एक है। इसका प्रत्यक्ष और परोक्ष से 90 से अधिक स्थानीय तथा अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में निवेश है। टाटा मोटर्स ने कहा कि कंपनी 2030 तक 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन के लक्ष्य के सरकार के दृष्टिकोण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सीएनजी और पीएनजी हुई महंगी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच सीएनजी-पीएनजी के भी दाम बढ़ने लगे हैं। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी गैस और पीएनजी दोनों की कीमतों में इजाफा कर दिया है। कंपनी ने ट्वीट कर कहा है कि बढ़ी हुई कीमतें 13 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से लागू हो गई हैं। बता दें कि 12 दिन बाद यह दूसरी बार है जब सीएनजी और पीएनजी के दाम बढ़ा दिए गए हैं। दिल्ली के अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और एनसीआर में सीएनजी और पीएनजी के दामों में बढ़ोतरी की गई है। इसके पहले 1 अक्टूबर 2021 को दाम में बढ़ोतरी की गई थी।

## शेयर बाजार रिकार्ड उछाल के साथ बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को रिकार्ड उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और इन्फोसिस के शेयरों में उछाल से बाजार में यह तेजी आयी है। दिन भर के कारोबार के दौरान तीस शेयरों पर आधारित




सेंसेक्स 60,836.63 अंक तक पहुंचने के बाद अंत में यह 452.74 अंक करीब 0.75 फीसदी ऊपर आकर 60,737.05 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 169.80 अंक तकरीबन 0.94 फीसदी की तेजी के साथ ही 18,161.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह रिकॉर्ड 18,197.80 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 5 फीसदी से अधिक की तेजी के साथ सबसे ज्यादा लाभ में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर रहे। इसके अलावा आईटीसी, एलएंडटी, टेक महिंद्रा, टाइटन और टाटा स्टील के शेयरों में भी तेजी आई। वहीं दूसरी ओर मारुति, एचयूएल, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक और एसबीआई के शेयर गिरे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार वित्तीय कंपनियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में आई बढ़त से बाजार को सहारा मिला है। टाटा समूह के शेयर खासकर टाटा मोटर्स पर भी निवेशकों की नजरें लगी रहीं। कंपनी की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई में टीपीजी के एक अरब डॉलर के निवेश की से भी इसके शेयर उछले हैं।

# गोरमी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, खाद की काला बाजारी के लिए रखा खाद पकड़ा

## खाद की काला बाजारी से किसान परेशान, व्यापारी मन माने दाम पर बेच रहे खाद

गोरमी। विधानसभा क्षेत्र के थाना गोरमी कस्बे में थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा ने अवैध रूप से किसानों को बेच रहे डी ए,पी खाद का किया भंडाफोड़ जानकारी अनुसार , जिले में इन दिनों किसान अपने खेतो मे सरसो की बुबाई के लिए खाद लेने के लिए दिनरात एक किये हुऐ है। वही किसानों को पर्याप्त मात्रा मे खाद मिलना तो दूर किसानों को सरकार की असफलता का खामियाजा भुगतना पड रहा हे कही पुलिस लताड तो कही पुलिस व्दारा किसानों पर मुकदमा दर्ज करने जैसे हालातो से गुजरना पड रहा है। वही दूसरी और खाद व्यापारी खाद को मनमाने दाम पर बेच कर मनमाना मुनाफा कमाने से भी नही चूक रहे है। खाद की किल्लत के चलते गोरमी थाना प्रभारी सुरेश शर्मा को मुखविर द्वारा जानकारी मिली कि डी ए,पी खाद की काला बाजारी की जा रही हैं मुखविर की सूचना पर थाना प्रभारी ने मय पुलिस बल एंव तहसीलदार शिवदत्त कटारे के साथ व्यापारी संजय उर्फ शैलू के गोदाम पर छापा मार कार्यबाही की जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राजेश सिंह राठौर के मार्ग दर्शन में की गई कार्यबाही जिसमें 130 डीएपी की



बोरियां मिली। रात में करीब 200 से ढाई सौ बोरिया बेची गई। 1200 की रेट की बोरी को 1500 प्रति बोरी के हिसाब से किसानों को बेच रहा था खाद, जिले में पिछले 2 सप्ताह से डीएपी खाद की किल्लत चल रही थी जिंसको लेकर किसान ब्यापारी के बीच तना तनी चल रही थी प्रसासन भी चिंताजनक बना हुआ था लेकिन अब जिला कलेक्टर जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा खाद की परेसानी पर अंकुश लगाने के लिए जिले के सभी थाना के प्रभारीयो व एसडीएम तहसीलदार को सख्ती से काला बाजारी करने बाले व्योपारी के गोदाम पर छापा मार कार्यबाही करते हुऐ जप्ती की जाकर आवश्यक बस्तु अधिनियम 1955 3(2)(इ) आवश्यक बस्तु अधिनियम 1955 7 (3) आवश्यक बस्तु अधिनियम 1955 7, आवश्यक बस्तु अधिनियम 8 के तहत संबधित आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा ने कहा कि मुखविर से मिली कि संजय उर्फ शैलू जैन किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रहा है 1500 रु मे खाद की बोरी किसानों को बेच रहा है, सूचना पर मौखे पर पहुचे तो पता चला की खाद टप्पले के गोदाम मे रखा पाया। वहा पर यादव बाबा मिले जिन्होंने बताया कि 500 रु रखवाली के नाम पर देता है संजय, गोदाम खुलवाया उसमे खाद की 130 बोरी प्राप्त हुई। जिससे संबधित के खिलाफ आवश्यक बस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## ऑनलाइन ठगी ने लगाई लाखों की चपत

**भिण्ड।** गोरमी क्षेत्र की एक आशा कार्यकर्ता ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियों ने 7 लाख 17 हजार रुपए की चपत लगाई है। फरियादी ने बताया उसका और उसके पति का ज्वाइंट खाता था जिसमें ये रकम जमा करके रखी थी। पीड़ित दंपत्ति ने गोरमी थाना पुलिस पहुंचकर एफआईआर कराई।गोरमी पुलिस के मुताबिक वार्ड क्रमांक-15 निवासी राजवीर सिंह नरवरिया किसान हैं और व्यापार करते है। उनकी पत्नी कृष्णा आशा कार्यकर्ता हैं। दोनों ही पति-पत्नी का ज्वाइंट खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में है। बैंक में आशा कार्यकर्ता कृष्णा का मोबाइल नंबर दर्ज है। सितंबर महीने में कोरोना वैक्सीनेशन के दौरान ड्यूटी में व्यस्त थीं। तभी 9 सितंबर से 15 सितंबर तक बदमाशों ने खाते से हर रोज सुबह 4 से 5 बजे के बीच रुपए निकालते रहे। बैंक खाते में पैसा निकलने के मैसेज मोबाइल पर आते रहे। जल्द सुबह मैसेज आने की वजह से महिला द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। 15 सितंबर को जब महिला ने मैसेज को देखा तो उसके खाते से 7 लाख 17 हजार रुपए निकल चुके थे। खाते में शेष 36 हजार रुपए बचे थे। इसके बाद राजवीर पहले बैंक पहुंचा। इसके बाद पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पड़ताल कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक फरियादी के बैंक खाते में कोलकाता में पैसे निकाले गए है।



**ओटीपी आई न कॉल:** फरियादी राजवीर के मुताबिक बैंक से ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियों द्वारा न फोन किया गया न ओटीपी पूछी गई। इस तरह से पैसे निकाले गए। फरियादी का कहना है कि मैंने बेटी की शादी के लिए एक-एक रुपए जोड़कर बैंक खाते में जमा किए थे। इस तरह से रुपए निकल जाने से मेहनत की कमाई चली गई।

# जिले में खाद की कालाबाजारी जोरों पर प्रशासन रोकने में नाकाम: मानसिंह

### भाजपा नेताओं के गुर्गे प्रशासन की सह पर अत्यधिक दामों पर बेच रहे हैं खाद

### मंत्रियों के द्वारा किसानों की मदद करने की बजाय किया जा रहा है हड़काने का काम

**भिण्ड।** जिले में खाद की किल्लत रुकने का नाम नहीं ले रही है।बावजूद इसके प्रशासन अधिकारी छुट्टी लेकर आराम फरमाने का काम कर रहे हैं जबकि जिले का किसान विगत 15 दिनों से सुबह 4:00 बजे से कतार बध्द होकर लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करता रहता है।लेकिन शाम को उसके हाथ में निराशा के अलावा कुछ नहीं आती है।जब इस विषय पर किसानों के द्वारा खाद की मांग की जाती है।तो भाजपा नेताओं की सह पर पुलिस प्रशासन उन पर दबाव बनाने के लिए एफआईआर करने का काम कर रही है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर 13 अक्टूबर बुधवार दोपहर 1:00 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभारी कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे को ज्ञापन सौंपते हुए ना



सिर्फ नारेबाजी की बल्कि भाजपा सरकार एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ किसानों के समर्थन में आंदोलन करने की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा कि बोवनी का समय गुजरता जा रहा है।जबकि किसानों के द्वारा 50 प्रतिशत भी वोबनी नहीं हो सकी है। इसका मुख्य कारण समय पर खाद की उपलब्धता नही होने से जिले में जब इन सभी जायज मांगों को लेकर किसानों के द्वारा आंदोलन किया जाता है तो उन पर एफआईआर कर दी जाती है। वही जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों पर की गई। एफआईआर जल्द से जल्द वापस ली जाए वही कालाबाजारी करने वाले भाजपा के गुर्गो को ऊपर जांच कर एफआईआर की कार्वाई की जाए। वही जिलाध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री के द्वारा किसानों की मदद करने की बजाय उन्हें हड़काया जा रहा है।इसका जवाब किसान आने वाली चुनाव में देंगे।वहीं जिला अध्यक्ष ने कहा कि खाद की व्यवस्था विगत 7 दिनों में अगर सुचारू रूप से संचालित नहीं हुई तो कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों की संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे और इन सब का जिम्मेदार स्वयं प्रशासन होगा। वही जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने ज्ञापन के साथ अखबार की प्रति संलग्न करते हुए कहा कि पत्रिका अखबार में प्रकाशित खबर का भी उल्लेख किया जिसमें खबर प्रकाशित हुई थी भाजपा नेता ने चहेतों को बटवाया खाद,उसके बाद भी पुलिस उन पर कार्रवाई करने में कोताही बरत रही है। मानसिंह कुशवाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसानों का समर्थन किया है और उनकी आवाज बुलंद करने का काम किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से जय श्रीराम बघेल,भगवानदास सेथिया, देव भान सिंह भदोरिया, राम हर्ष सिंह कुशवाहा हर नारायण शर्मा, बृजेंद्र सिंह कल्लू भारौली, आशुतोष शर्मा,राहुल सिंह कुशवाह, अनिल भारद्वाज, संजय भूता, आशीर्वाद शर्मा, राजवीर बघेल, रोकी तोमर, विनोद पंडित,रेखा भदोरिया, अनीस कुरैशी, शालू पुरोहित, काजी रिजवान, संदीप मिश्रा, अशोक गुप्ता, मोहर अरविंद सोनी, राजवीर भेलवार अंकित तोमर, वीर प्रकाश श्रीवास्तव, विजय दैपुरिया, योगेश शाक्य दीपू दुबे विक्रम सिंह राजावत बलराम सिंह राजावत भारौली राम गोविंद सिंह राजावत चंद्रभान सिंह राजावत हैवरन सिंह बघेल देवेंद्र सिंह कुशवाहा, अमन, गगन सिंह राजावत सुमित बघेल के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने शहीद किसानों को केंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि




**भिण्ड।** संयुक्त किसान मोर्चा ने गांधी मार्केट से परैड चौराहे तक केंडल मार्च निकालकर लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। किसानों के हत्यारों को फांसी देने की मांग की गई।अंत में दो मिनट कामौन रखा गया।इस अवसर पर एड.देवेंद्र सिंह चौहान, बी.के.बौहरे, सूरज रेखा त्रिपाठी, अनिल दौनेरिया, नीरज यादव, नरेन्द्र सेंगर, विनोद सुमन, सूरजसिंह यादव, दिव्या सिंह, मंजू तोमर, पलक सिंह, गजेंद्र सिंह, राजेश्वर यादव, भगवान सिंह यादव, प्रभूदयाल सेजवार, राजेश सिंह तोमर, डा.राजौरिया, श्रीकृष्ण बाल्मीकि आदि किसान मौजूद रहे।

## बंगाली पूजा में शामिल होने गया ग्वालियर परिवार, चोरों ने चटकाए ताले

**भिण्ड।** लहार थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.1 में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेबरात सहित नगदी चोरी कर ले गये। चोरों ने वारदात को तब अंजाम दिया जब पूरा परिवार ग्वालियर में बंगाली पूजा करने के लिए गया हुआ था, इसी दौरान चोरों ने मुख्य गेट के ताले चटकाए और सामान समेटकर ले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरो के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### उधारी के पैसे मांगने पर महिला के साथ मारपीट

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्रान्तर्गत समीर नगर में उधारी के पैसे मांगने पर एक महिला के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम 7 बजे रजनी पत्नी हमीर सिंह भदौरिया निवासी समीर नगर ने उधारी के पैसे मांगने पर मुकेश पुत्र अवतारसिंह भदौरिया किशन गड़िया ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से किशोर घायल

**भिण्ड।** रौन थाना क्षेत्र के बिरखड़ी के पास एक किशोर जा रहा था, इसी दौरान एक कार चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया, पुलिस ने फरियादी की शिकायत अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम 8.26 बजे रामअवतार पुत्र गंगाराम जाटव उम्र 60 वर्ष निवासी बिरखड़ी ने बताया उसका नाती रविकांत पैदल जा रहा था, इसी दौरान कार क्रमांक यूपी92एसी0370 के चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी और मौका पाते ही भाग निकला, पुलिस ने फरियादी की शिकातय चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### वृद्ध महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिण्ड।** ऊमरी थाना क्षेत्र के ग्राम स्योड़ा में एक वृद्ध महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसकी सूचना परिजनों पुलिस को दी, मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेजा और मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार-मंगलवार रात गंगादेवी पत्नी विश्राम सिंह भदौरिया निवासी स्योड़ा ने किसी कारण के चलते मकान के छत के कुंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर से प्रभावित उदयोगों के लिये ब्याज/विलम्ब शुल्क से मुक्ति

**भिण्ड।** मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश राज्य औदयोगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर से प्रभावित उदयोगों के सुचारू रूप से संचालन हेतु ब्याज/विलम्ब शुल्क से मुक्ति देने का अनुमोदन किया। एमपीआईडीसी द्वारा स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों/ आवंटित अविकसित शासकीय भूमि में भू-आवंटितियों से मध्यप्रदेश राज्य औदयोगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रभार्य वार्षिक भू-भाटक एवं संधारण शुल्क को कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत एक मई 2021 से 31 अक्टूबर 2021 तक या इस संदर्भ में विभाग दवारा जारी आदेश दोनों में से जो भी पहले हो, के 30 दिवस के भीतर तक भुगतान करने की सुविधा बिना किसी ब्याज, जुर्माना या विलम्ब शुल्क के प्रदान की जायेगी।

## शराब पीने के लिए रुपये मांगने पर युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** मौ थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.11 में घर के अंदर एक शराबी ने शराब पीने के लिए रुपये मांगे तो उसने देने से मना कर दिया, जिसके बाद उसने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकात पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सौरभ सोनी पुत्र राजेन्द्र उम्र 28 निवासी वार्ड क्र.11 ने बताया मंगलवार शाम 8.45 बजे उसी मोहल्ला निवासी आशीष शर्मा पुत्र स्व. रमेश शर्मा ने उससे शराब पीने के लिए रुपये मांगे तो उसने देने से मना कर दिया, जिसके बाद उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# नवरात्रि में माता रानी के जय कारों से गूंज रहे माँ के दरबार, जगह जगह सजे मां के दिव्य दरबार

### माता रानी के दरबार में उमड़ रहा भक्तों का भारी जन सैलाव, रौंन थाना प्रभारी की कार्य प्रणाली पर ग्रामीणों ने उठाये सवाल

**भिण्ड।** जिले के रौंन क्षेत्र के बिरखडी व नॉधा के बीचों बीच बसे अंधियारी वाली माता के दरबार मे भक्तों का उमड़ रहा भारी जन सैलाब अंधियारी वाली माता रानी के दरबार भव्य सजे हुए है यहाँ सुबह 04 बजे से ही भक्तों का तांता लग जाता है , नवरात्रि में रहती है भक्तों की अपार भीड़ जहां सुबह से शाम तक रहती है भीड़ माता रानी के दरबार मे बारियों के बोए हुए जबारों के खप्पर लेकर शुवह से ही आते है श्रद्धालु। माता रानी के दरवार में भक्तों द्वारा किया



जा रहा भंडार कर प्रसादी का बितरण भक्त गण कर रहे प्रसादी ग्रहण वहीं ग्रामीणों द्वारा रौंन थाना प्रभारी की कर्यप्रणाली पर उठाये सबालिया निसान कहा ऐसे समय मे थाना प्रभारी के द्वारा नही लगाई गई किसी आरक्षक की ड्यूटी मंदिर परिसर में नही नजर आया कोई पुलिस का कोई जबान इस बजह से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी श्रद्धालुओं की भीड़ में महिलाओं की रहती है भारी भीड़ फिर भी नही कोई महिला आरक्षक की ड्यूटी और मंदिर परिशर में नही नजर आ रहा कोई भी पुलिस का आरक्षक ।

### शारदीय नवरात्रि में क्षेत्र व नगर में गली गली में सजे माँ के दिव्य दरवार

रौंन मिहोना नगर की गली गली में माता रानी की झांकी सजाई गई है। जिसमे नगर मिहोना के ऐतिहासिक धाम गथाई सरकार मंदिर पर भव्य और बड़ी माता रानी की प्रतिमा बिराजमान है वहीं नगर के बड़ी माता मंदिर एवं काली माता मंदिर पर मुख्य रूप भक्तों के द्वारा माता रानी के दिव्य दरवार एक झांकियों के भव्य आयोजन किए जा रहे है जिन्हें देखने के लिए भक्तों का रहता है जमावड़ा नवरात्रि में पंचमी व सप्तमी की झांकिया देख भक्तगण आनंदित हो रहे।

# किसान पर नाराज हुए मंत्री, बोले- चल हट, तू राष्ट्रपति है क्या?

**भिण्ड।** रबि का सीजन चल रहा है, बोवनी के चलते खाद-बीज की मांग बढ़ गई है, जबकि खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। किसान डीएपी की किल्लत से जूझ रहे हैं, जिसके चलते बोवनी भी पिछड़ने लगी है। वहीं खाद की समस्या को लेकर सवाल पूछते ही मंत्री की भौहें तन गई, शहरी आवास एवं विकास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मंत्री रासायनिक उर्वरक की किल्लत को लेकर सवाल पूछने पर एक आदमी को बुरी तरह डांट रहे हैं।

### किसान से बोले मंत्री- चल हट... तू राष्ट्रपति है क्या ?

खुद को किसानों की सरकार बताने वाली शिवराज सरकार में किसान खाद की किल्लत से परेशान हैं, किसानों का विरोध और



आक्रोश इन दिनों जगह-जगह जारी है, वहीं सरकार खाद की कमी नहीं होने का दावा कर रही है, भिंड जिले में कमी के चलते खाद की लूट हो रही है, इस बीच राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक आम आदमी पर भड़कते दिख रहे हैं और उस पर झल्लाते हुए कह रहे हैं कि तमीज नहीं है तुम राष्ट्रपति हो क्या?

### भागवत कथा में शामिल होने पहुंचे थे मंत्री

राज्य मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र मेहगांव के सड़ा गांव के पास आजी माता मंदिर पर चल रही भागवत कथा में शामिल होने मंगलवार शाम को पहुंचे थे, कार्यक्रम से जब वे रवाना हो रहे थे, उस दौरान उनके पास कई किसान पहुंचे और खाद मुहैया कराने की गुहार लगायी। मंत्री उनकी समस्या पर कलेक्टर से फोन पर बात कर थे, इसी दौरान भीड़ में मौजूद किसी शख्स ने उनसे खाद नहीं मिलने की शिकायत कर दी, बस इसी बात पर मंत्री जी आग बबूला हो गए।

### किसान के सवाल पर झल्लाए मंत्री

माना जा रहा है कि मेहगांव में खाद वितरण में जातिवाद हावी है और मंत्री के खास लोगों को बिना परेशानी के खाद मुहैया कराई जा रही है, यही सवाल एक किसान ने पूछ लिया तो मंत्री जी झल्ला गए और कहते नजर आए कि- हट दिखायी नहीं दे रहा है कलेक्टर से बात कर रहा हूं... तमीज नहीं है... तुम क्या राष्ट्रपति हो... हट... इसके बाद मंत्री मौके से चलते बने।

### कांग्रेस ने भाजपा और मंत्री पर कसा तंज

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस जिला प्रवक्ता डॉक्टर अनिल भारद्वाज का कहना है कि खुद को किसानों की सरकार बताने वाली शिवराज सरकार में किसान खाद के लिए परेशान हैं, इस शासन में किसानों को हक की जगह लाठी डंडे और एफआईआर मिल रही है।

## चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**भिण्ड ।** प्रभारी कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नायब तहसीलदार भिण्ड के प्रस्ताव के अनुसार उषादेवी पत्नि राधेश्याम बारी कृषि कार्य करते हुए सरसो के खेत पर थ्रेसर द्वारा सरसो निकलवाते हुए थ्रेसर के साफ्ट से साडी उलझने से उनकी मौके पर मृत्यु होने जाने से म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड की योजना/गै.त./मुख्यमंत्री कृ.जी.क.यो. के आदेश अनुसार इनके वैद्य वारिस पति राधेश्याम पुत्र रामेश्वर निवासी फूप भिण्ड को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## कश्मीर में हिंसा

जम्मू के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सेना के चार जवान और एक जेसीओ के जवान शहीद हो गए। सेना ने जवानों की शहादत का बदला लेते हुए तीन आतंकियों को मार गिराया। हालांकि, खतरा अब भी बना हुआ है। घाटी में आतंकी सक्रिय हैं। सिर्फ घाटी ही नहीं, दिल्ली तक में उनका जाल फैला है। राजधानी में पुलिस ने एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। दिल्ली में आतंकी का पकड़ा जाना नया नहीं है। अब तक कई बार भारी विस्फोटक और हथियार के साथ आतंकी पकड़े गए हैं। कश्मीर से लेकर दिल्ली तक आतंकियों की मौजूदगी बड़े खतरे की ओर इशारा कर रही है। हमारे सुरक्षा बल मुस्तैद हैं, इसलिए अब तक बड़ी घटना सामने नहीं आई है। फिर भी अचानक से आतंकी गतिविधियों में आई तेजी चिंता बढ़ाने वाली तो है ही। पुंछ जिले में सोमवार को जिस तरह की मुठभेड़ देखने को मिली उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि ये आतंकी बेहतर प्रशिक्षित हैं। सुरक्षाबलों को यहां से तलाशी में अभी बड़ी संख्या में हथियार, नकद और आतंकियों के कपड़े, राशन-पानी जैसे अहम सबूत मिले हैं। यह देखा गया है कि आतंकी संगठनों इस फिराक में होते हैं कि सर्दियों से पहले अपने लोगों की जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करा दी जाए। क्योंकि ठंढ़ और बर्फबारी बढने़ से पास और पहाड़ी रास्तों के बंद हो जाने से घुसपैठ की उनकी कोशिश नाकाम होने लगती है। विशेषज्ञों की राय में आतंकी घटनाओं को लेकर %हॉट विंटर' आने वाला है क्योंकि आतंकी दस्ते तैयार हो रहे हैं। इस तरह की कई घटनाएं अभी भारी चुनौती पैदा करने वाली है। उड़ी सेक्टर में पकड़े गए पाक आतंकी अली बाबर ने लश्कर और आईएसआई की इन साजिशों का राजफाश भी किया था। सवाल अचानक से बढ़ी हिंसा का भी है। पहले पिछले कुछ महीनों से लगातार आम लोग आतंकियों के निशाने पर हैं, उनकी हत्या की जा रही हैं। ऐसे सवाल में उठ रहा है कि अचानक पिछले एक महीने के दौरान कश्मीर और एलओसी पर आतंक कैसे और क्यों बढ़ रहा है? इसकी दो वजह बताई जा रही है। पहली-अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद पाकिस्तान में बैठे आतंकियों की हिम्मत बढ़ी हुई है। उनका मानना है कि जब वो सुपर अमेरिका को हरा सकते हैं तो कश्मीर भारतीय सुरक्षा बलों को भी मात दी जा सकती है। दूसरी-घाटी में पिछले कई सालों यह ट्रेंड रहा कि सर्दी आने से आतंकी घटनाएं और घुसपैठ दोनों बढ़ जाती है, क्योंकि एक महीने बाद बर्फबारी के चलते सीमा पार से आना बेहद मुश्किल हो जाता है। एक तरफ माहौल बन रहा है कि आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद से जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, पत्थरबाजी की घटनाएं कम हुई हैं, आतंकियों की संख्या भी कम हुई है। दूसरी तरफ तालिबान के आने के बाद से आतंकियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। पाकिस्तान की आर्मी और आईएसआई को लग रहा है कि उन्होंने दुनिया फतह कर ली है। आने वाले दिनों में आतंकी घटनाएं और बढने़ का अनुमान है। आईएसआई की कोशिश होगी कि अफगानिस्तान से हथियार और आतंकियों को कश्मीर की तरफ डायवर्ट किया जाए। दरअसल जम्मू-कश्मीर से 370 हटाए जाने के दो साल बाद घाटी में आतंक ने अपना नाम, निशाना और तरीका तीनों बदल लिए हैं। आतंक के नए नाम हैं- द रजिस्टेंस फ्रंट और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट। उनके निशाने पर हैं- ऐसे गैर-मुस्लिम जो पढ़ाने-लिखाने या बाहर से आकर यहां काम कर रहे हैं। उनके निशाने पर वो मुसलमान भी हैं, जो सियासी गतिविधियों का हिस्सा बन रहे हैं या पुलिस में हैं।

# कांग्रेस की राजनीति में मजबूत हुये गहलोत

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की राजनीति में सशक्त होकर उभरे हैं। कुछ दिनों पूर्व ही पंजाब की सत्ता के फेरबदल हुआ था। उस दौरान राजस्थान की राजनीति के जानकारों को लगने लगा था कि अब गहलोत भी राजनीति में कमजोर पड़ जाएंगे। कांग्रेस पार्टी में कैप्टन अमरिंदर सिंह के बाद अगला निशाना अशोक गहलोत को ही बनाया जाएगा। मगर पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा नाराज होकर अपने पद से इस्तीफा देने से कांग्रेस की राजनीति में अचानक ही बड़ा भूचाल आ गया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इन सब घटनाक्रम का जिम्मेदार गांधी परिवार को माना। कपिल सिब्बल, कैप्टन अमरिंदर सिंह, नटवर सिंह जैसे कई वरिष्ठ नेताओं ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

इन वरिष्ठ नेताओं का मानना था कि गांधी भाई-बहन की अपरिपक्वता के चलते ही पंजाब में अमरिंदर सिंह जैसे जनाधार वाले नेता को हटाया गया। वहां नवजोत सिंह सिद्धू जैसे कुछ साल पहले ही कांग्रेस में शामिल होने वाले पूर्व भाजपाई को पंजाब कांग्रेस की कमान देने से पार्टी कमजोर हुई है। पार्टी के पुराने वफादार नेताओं में इससे असंतोष व्याप्त हुआ है। वरिष्ठ नेताओं को लगने लगा है कि जिस तरीके से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी काम कर रहें हैं। उसमें आने वाले समय में उनको भी राहुल, प्रियंका की राजनीति का शिकार बनाया जा सकता है।

राजस्थान की राजनीति में भी पिछले डेढ़ वर्ष से जो घटनाक्रम चल रहा था। उसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुद को असहज महसूस कर रहे थे। राहुल गांधी व प्रियंका गांधी द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजाए उनके प्रतिद्वंदी नेता सचिन पायलट को अधिक तवज्जो दिए जाने से अशोक गहलोत नाराज चल रहे थे। अशोक गहलोत चाहते थे कि जिस तरह से सचिन पायलट ने पार्टी के खिलाफ बगावत की है। उसके बाद पायलट को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए था। मगर कांग्रेस आलाकमान ने ऐसा न कर पायलट को संरक्षण देना शुरू कर दिया। कांग्रेस आलाकमान ने तो गहलोत पर इस बात को लेकर भी पूरा दबाव बना रखा था कि पायलट समर्थक विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करें। उनको राजनीतिक नियुक्तियों व पार्टी संगठन में भी पूरा महत्व दिया जाए। जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐसा करने के पूरी तरह खिलाफ थे। इसी असमंजस में के चलते राजस्थान में लंबे समय के बाद भी मंत्रिमंडल में फेरबदल व विस्तार नहीं हो पाया है। जबकि मंत्रिमंडल के कुल 30 में से 9 पद रिक्त चल रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है। इसी कारण लंबे समय तक कोरोना के बहाने मंत्रिमंडल विस्तार व फेरबदल को टालते रहे हैं। पिछले दो-तीन महीनों से अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्होंने कोई फेरबदल नहीं किया। यहां तक की पिछले डेढ़ साल से गहलोत अपने घर से ना तो बाहर निकले ना ही किसी कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकार के सभी काम अपने राजकीय आवाज से ही संपादित करते रहे। विधानसभा चलने के दौरान भी गहलोत की सदन में भी बहुत कम उपस्थिति रही। डेढ़ साल के लंबे अंतराल के बाद गांधी जयंती के दिन अशोक गहलोत प्रदेश कांग्रेस कार्यालय जाकर पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए व सचिवालय में भी जाकर कार्य किया। उपचुनाव के लिये दोनो विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन के वक्त भी गहलोत ने सभा को सम्बोधित किया।

पंजाब में घटे राजनीतिक घटनाक्रम से अशोक गहलोत को काफी मजबूती मिली है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के दौरान उन्होंने खुलकर कांग्रेस आलाकमान के समर्थन में बयान दिया। ताकि आलाकमान उनको लेकर कड़ा रुख नहीं अपनाये। उन्होंने आलाकमान के सुर में सुर मिलाकर यह जताने की पूरी कोशिश की कि आलाकमान की हर बात का वो समर्थन करते हैं और वह पूरी तरह से कांग्रेस संगठन से बंधे हुए हैं। पार्टी के खिलाफ जाकर बगावत करने की कभी



सोच भी नहीं सकते हैं। जैसा कि पूर्व में सचिन पायलट कर चुके हैं। पायलट की बगावत को गहलोत राजनीतिक हथियार के तौर पर उपयोग कर रहे हैं।

पंजाब के घटनाक्रम के बाद मुख्यमंत्री गहलोत पूरे जोश से लबरेज नजर आ रहे हैं तथा वह बैक फुट के बजाय फ्रंट फुट पर आकर राजनीति के शॉट लगा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक बयान देकर अपने विरोधियों पर खुलकर निशाना साधा है। गहलोत ने गांधी जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक तीर से दो शिकार किए हैं। विपक्ष को जवाब देने के साथ साथ उन्होंने पायलट खेमे को भी जवाब दे दिया। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में उनकी सरकार पूरे पांच साल चलेगी और रिपीट भी होगी। उन्होंने यह भी कह दिया कि शांति धारीवाल को फिर से नगरीय विकास मंत्री बनाऊंगा। इस बयान से उन्होंने पायलट खेमे को आईना भी दिखा दिया कि अगली बार भी मुख्यमंत्री वे ही बनेंगे। उन्होंने साफ किया कि उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी को कहीं कोई खतरा नहीं है।

विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कमरे में बंद रहते हैं, बाहर ही नहीं निकलते। इसी का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पलटवार किया। पायलट खेमे की ओर इशारा करते हुए यह भी कह दिया कि जिनके दर्द हो रहा है उनकी वे जाने। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और अन्य लोगों की कृपा से हम लोागें को 34 दिन होटलों में रहना पड़ा था। उन्होने कहा कि हमारे वफादार विधायकों की कृपा से वो टाइम भी निकल गया।

गहलोत बोले कि मुझे 15-20 साल कुछ नहीं होने वाला है। यदि कोई दुखी हो तो हों, मैं कही जाने वाला नहीं हूं। यह सरकार पांच साल चलेगी और दोबारा भी हमारी ही सरकार बनेगी। गहलोत ने कहा कि जनता खुद कहती हैं कि राजस्थान में कहीं भी एंटीइनकम्बेंसी नहीं है। हां हमारे पार्टी के कुछ साथी जरूर लाइन पार कर देते है। प्रदेश की जनता कांग्रेस की ही सरकार बनाएगी। हमने काम में कोई कमी नहीं रखी। पता नहीं आगे क्या होगा, लेकिन इस बार जनता का मूड वापसी का है। दो बार में एक बार हम 56 पर आए, दूसरी बार 21 पर। हमने दोनों बार काम में कोई कसर नहीं रखी थी। अब लगता है रिपीट होंगे।

राजस्थान में इसी माह वल्लभनगर व धरियावाद की विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। जिनमें से वल्लभनगर कांग्रेस व धरियावाद भाजपा के पास थी। उपचुनाव में गहलोत दोनों सीटों पर कांग्रेस को जीता कर अपनी ताकत दिखाने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। पिछले 3 सालों में राजस्थान में 6 विधानसभा सीटों के उपचुनाव हो चुके हैं। जिनमें तीन पर कांग्रेस, दो पर भाजपा व एक पर आरएलपी जीती थी। मगर इस बार गहलोत की नजर दोनों सीटों पर टिकी हुई है। यदि गहलोत दोनों सीटों पर कांग्रेस को जिताने में कामयाब हुए तो उनके प्रभाव में बढ़ोतरी होगी। तब कांग्रेस आलाकमान को उन पर ही भरोसा बनाए रखना होगा। डेढ़ साल के लंबे एकांतवास के बाद मुख्यमंत्री गहलोत फील्ड में निकल कर अपनी सक्रियता दिखाने जा रहे हैं। जिसके माध्यम से वह अपने विरोधियों को भी अपने तंदुरुस्त होने का संदेश देंगे।

## श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है। लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का। श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं। अतः किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है।

# क्या होता, अगर आर्यन शाहरूख का नहीं, आम आदमी का बेटा होता ?

**विष्णुगुप्त**

थोड़े देरी के लिए कल्पना कीजिये कि फिल्मी दुनिया के कलाकार शाहरूख खान का बेटा आर्यन आम आदमी का बेटा होता तो फिर उसकी इतनी सोहरत मिलती क्या? उसके पक्ष में इतने लोग खड़े होते क्या ? उसके लिए पूरी फिल्मी दुनिया आंसू बहाने के लिए बाध्य होती क्या ? राजनीतिक पार्टियां और राजनीतिज्ञ समर्थन में खड़े क्या व सहानुभूति भी प्रकट करते क्या? सोशल मीडिया पर उसके समर्थन में अभियान चलता क्या? उसके लिए छुट्टी के दिन भी कोर्ट खुलती क्या? उसके लिए इतनी मशहूर वकीलों की टीम खड़ी होती क्या? उसके लिए नामी होटलों से बिरयानी आती क्या? जांच एजेंसियां नामी होटलो की बिरयानी मंगवाने और खिलवाने की स्वीकृति देते क्या?

इन सभी प्रश्नों का एक ही उत्तर है नहीं। उसके पक्ष में इस तरह की प्रवृतियां कभी भी अभियानी नहीं होती,कभी अनैतिकता नहीं दिखाती। शाहरूख खान मुबंई फिल्म दुनिया का बादशाह माना जाता है। बादशाह शब्द जिस किसी के साथ जुड़ा होता है, उसकी हैसियत किस प्रकार की होती है, उसके आसपास किस तरह के लोग नतमस्तक होते हैं, किस प्रकार से अपनत्व दिखाने के लिए तत्पर रहते हैं, यह भी स्पष्ट है। शाहरूख खान की एक दृष्टि जिसके उपर पड़ जाये वह फिल्मी दुनिया की नामीगिरामी हस्ती बन जायेगा, जिस किसी पर दुश्मनी दिखा दिया उस किसी पर आफत-विपद आना निश्चित है, उसकी फिल्मी कैरियर पर आंच आ सकती है, उसकी फिल्मी कैरियर पर ग्रहण लग सकता है। इस कारण शाहरूख खान के नशेडी बेटे की आलोचना कर आफत-विपद कौन मोल लेने के लिए तैयार होगा? यही कारण है कि शाहरूख खान के नशेड़ी बेटे के खिलाफ फिल्मी दुनिया के किसी शख्त ने नैतिकता दिखाने की कोई कोशिश नहीं की और न ही इसके लिए शाहरूख खान को दोषी ठहराने की कोशिश की, इतना ही नहीं बल्कि यह कहने का भी साहस किसी ने नहीं किया कि कानून सबके लिए बराबर है, कूानन से बड़ा कोई नहीं है और जो अपराधी है उसकी सजा सुनिश्चित होनी ही चाहिए।

आर्यन अगर शाहरूख खान का बेटा नहीं होता? आर्यन किसी आम आदमी का बेटा होता तो फिर क्या होता? अगर आर्यन आम आदमी का बेटा होता तो निश्चित मानिये कि उसका जो हस्त्र होता सो होता ही, उसके परिजनों का अभी बुरा हस्त्र होता, उसके परिजनो का आर्थिक हअ्रस तो होता ही इसके अलावा उसकी बदनामी भी होती,उसके परिवार को नशेड़ी परिवार कह कर लोग खिल्ली उड़ाते, पड़ोसी उस युवक और उस युवक के परिजनों से घृणा करते। सबसे बड़ी बात यह है कि पुलिस उसे एयरकडिशनर में कभी नहीं रखती, उसे वीआईपी सुविधाएं कभी नहीं देती, पुलिस पूछताछ करने से पूर्व उसकी हड्डियों को तोड़ डालती, उसकी ऐसी पिटाई होती कि वह कई दिनो तक जेल में करवटें बदलने से पूर्व कराहता। पुलिस उत्पीड़न पर कोर्ट तक में कोई संज्ञान नहीं होता, उसके वकील की आवाज और पुलिस उत्पीड़न की बातें कोर्ट में अनसूनी कर दी जाती। उसके लिए कोर्ट छुट्टी के दिन कदापि नहीं बैठती। एक आम आदमी के लिए कोर्ट कहां छुट्टी के दिन बैठती है। शाहरूख खान की तरह आम आदमी का ब्रांड वैल्यू 385 करोड़ का कहां होता है? शाहरूख खान की तरह आम आदमी के लिए कोई जमात थोड़े गोलबंद होकर सपोर्ट करती है? शाहरूख खान की तरह आम आदमी के लिए बड़ी-बड़ी हस्तियां थोड़े समर्थन करने पर उतारू होती हैं?

आम आदमी की औलादें अगर बिगड़ती हैं, अपराधिक रास्ते अपनाती हैं, नशेड़ी बनती हैं, घातक मादक द्रब्यों का सेवन करने लगती है तो सबसे पहले आम आदमी ही अपनी औलाद के खिलाफ खड़ा होता है। आर्यन अगर आम आदमी का बेटा होता तो फिर जैसे ही उसकी नशेड़ी की आदत मालूम होती वैसे ही परिवार में हाहाकार मच जाता, परिवार के लोग मिल कर उसकी पहले तो जम कर पिटाई करते, उसके बाद उसे समझा कर नशा का सेवन करने से बाज आने की सलाह देते। इसके बावजूद भी अगर वह नहीं मानता, उसकी आदते वैसी ही जारी रहती तो फिर दो विकल्प भी होते हैं। एक विकल्प उस नशेडी को नशा मुक्ति केन्द्र मे भर्ती करा देना और दूसरा विकल्प फिर घर और परिवार से बेदखल कर देना। आम आदमी की यह प्रवृति सुखमय भी है और कारगर भी है। नशेडी के प्रथम चरण में ही ऐसे कदम उठने से नशेड़ी भी नशा छोड़ने की ओर गंभीर हो जाता है।

# श्रीराम की अयोध्या वापसी यात्रा वृत्तांत

### सूडोकु नवताल- 5862

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5861 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

**डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता**

कम्ब रामायण संभवतः आधुनिक भारतीय अहिन्दी भाषाओं में सबसे पहला श्रीरामकथा महाकाव्य है। इस रामायण की रचना 9वीं शती में महर्षि कम्बन ने दक्षिण भारत में प्रमुख रूप से बोली जाने वाली तमिल भाषा में की थी। इसमें श्रीराम का रावण वध कर लंका से अयोध्या लौटने का वर्णन अन्य श्रीरामकथाओं से अलग होने एवं भ्रातृ प्रेम से ओत प्रोत होने से जिज्ञासु सुधीजनों को समर्पित है।

तमिल भाषा की कम्ब रामायण के युद्धकाण्ड में लंका से श्रीराम के अयोध्या आगमन का वर्णन बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। श्रीरामचरितमानस के उत्तरकाण्ड में अयोध्या आगमन के वर्णन में भिन्नता दिखाई देती है। कहीं-कहीं यह प्रसंग पाठकों के अन्तर्मन को उद्वेलित कर देता है। रावण विजय के बाद भगवान् श्रीराम पुष्पक विमान से वापस आ रहे हैं। विजय के उल्लास से सभी उल्लसित थे। सभी शीघ्रताशीघ्र अयोध्या लौटना चाहते थे। कम्ब रामायण के अनुसार अशोक वाटिका में सीताजी का विशेष ध्यान रखने वाली त्रिजटा को सीताजी आशीर्वाद देती है कि तुम संकट रहित हो। अब तुम लंका में देवी के समान रहो। पुष्पक विमान अंडाकार था और अनेक लोगों के बैठने पर भी खाली रहता था। श्रीराम ने विभीषण को सलाह दी कि तुम लंका पर राज्य करते हुए अपने देशवासियों की प्रशंसा के पात्र बनों। श्रीराम ने सुग्रीव, जाम्बवान्, नील तथा हनुमान् आदि सभी वानर समूहों को अपने अपने स्थान पर जाने को कहा तो वे सभी रोने लगे और दुःखी हो गए। सुग्रीव आदि वानरों ने कहा कि वे आपका अयोध्या में राज्याभिषेक का उत्सव देखना चाहते हैं। इस उत्सव को देखकर ही हमारी थकान दूर होगी-

**पार मामदि लयोत्तियि नय्दिनिन् पैम्बाः**
**आर मामुदिक् कोलमुअ् जब्वियु मळ्हुमः**
**शोर्वि लादियाड गाणगुरु मळवैयुन दौडर्न्दु**
**पेर वेयरु ळनर्न रुळळनबु पिणिण्पा**
**(कम्ब रामायण-तमिळ युद्धकांड उत्तरार्द्ध 4045)**

श्रीराम ने उन सभी को विमान में बैठा लिया। श्रीराम सीताजी सहित पुष्पक विमान में सुशोभित दिखाई दे रहे हैं। सीताजी पूछती हैं कि ये हनुमान् आपको कहाँ मिले। श्रीराम उन्हें कहते हैं कि यहीं किष्किंधा पर। यह सुन कर सीताजी कहती हैं कि विमान में पुरुषों की संख्या अधिक है। जब मैं अयोध्या में पहुँचूँगी तो मेरे स्त्रीत्व की कमी मानी जाएगी। यदि पुष्प गुच्छों से सुसज्जित केश वाली तन्वियाँ साथ रहेगी तो उचित रहेगा। सुग्रीव ने हनुमान्जी से कह कर असीम वानरियों को बुला भेजा। वे सभी स्त्रीत्व के शृंगार में सीताजी के सम्मुख उपस्थित हो गईं और नमस्कार करके उनके चारों ओर खड़ी हो गईं। पुष्पक विमान चलता गया। भरद्वाज आश्रम आया। वहाँ श्रीराम के विमान को आता देख गुरु भरद्वाज उनके स्वागत के लिए अन्य सन्तों के साथ आगे आए। पुष्पक विमान वहाँ रुका। श्रीराम ने भरद्वाज के चरणों में नमस्कार किया। मुनि ने उन्हें उठाया और उनकी जटा की धूल हटाई। विमान स्थित सभी यात्रियों ने गुरु वन्दन किया। गुरुजी उन्हें आश्रम में लाए और प्राचीन स्मृतियों को स्मरण किया। उन्होंने सूचित किया कि भरत फलाहार लेता है और घास की शय्या पर सोता है। भरद्वाज मुनि ने वानर दलों को आशीर्वाद दिया कि उन्हें हमेशा जल, मधु, कन्द, मूल फल मिलते रहे। उन्होंने राम से कहा कि वे यहाँ अपनी सम्पूर्ण सेना के साथ भोजन ग्रहण करें।

श्रीराम ने हनुमान् जी को भाई भरत के पास जाने को कहा कि तुम जाकर हमारे आगमन की सूचना दो। भरत के बारे में जानकारी लेकर यहाँ आ जाना। भरत ने जो आग लगाई है उसे बुझा देना क्योंकि मेरे समय पर न पहुँचने पर वह दुःखी है। श्रीराम ने हनुमान्जी को एक अँगूठी दी कि तुम भरत को यह दे देना।

**इन्रु नाम्बदि वरदुमुन् मारुदि यीण् डच**
**चन्रु तीदिन् मैं शप्पियत् तीयवित् तीळयोः**
**निन्र नीमैंयु निनैवुनी तेर्नदम्मि नेर्दल**
**नन्र नाववन् मोदिरङ् गैकाडु नडन्दाः**
**कम्ब रामायण (तमिल) युद्धकाण्ड उत्तरार्द्ध 4088**

श्रीराम नियत समयावधि में अयोध्या नहीं पहुँचे तो भरतजी ने सोचा किसी निरोधक घटना से ही वे नहीं आए हैं। भरतजी की व्यग्रता बढ़ने लगी। उन्होंने छोटे भाई शत्रुघ्न को बुलाने को कहा। शत्रुघ्न के आने पर उसे कसकर गले लगाया। श्रीराम नहीं आए हैं।

## सावरकर पर हमला क्यों ?

**वेदप्रताप वैदिक**

स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर पर एक पुस्तक का विमोचन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत और रक्षा मंत्री राजनाथसिंह ने सावरकर पर किए जानेवाले आक्षेपों का कड़ा प्रतिवाद किया है। उन्होंने सावरकर को बेजोड़ राष्ट्रभक्त और विलक्षण स्वातंर्त्य-सेनानी बताया है लेकिन कई वामपंथी और कांग्रेसी मानते हैं कि सावरकर माफी मांगकर अंडमान-निकोबार की जेल से छूटे थे, उन्होंने हिंदुत्व की संकीर्ण सांप्रदायिकता फैलाई थी और उन्होंने ही गांधी के हत्यारे नाथूराम गोड़से को आशीर्वाद दिया था। गांधी-हत्याकांड में सावरकर को भी फंसा लिया गया था लेकिन उन्हें ससम्मान बरी करते हुए जस्टिस खोसला ने कहा था कि इतने बड़े आदमी को फिजूल ही इतना सताया गया। स्वयं गांधीजी सावरकर से लंदन के 'इंडिया हाउस' में 1909 में मिले और 1927 में वे उनसे मिलने रत्नागिरी में उनके घर भी गए। दोनों में अहिंसा और उस समय की मुस्लिम सांप्रदायिकता को लेकर गहरा मतभेद था। सावरकर अखंड भारत के कट्टर समर्थक थे लेकिन जिन्ना के नेतृत्व में खड़े दो राष्ट्रों की सच्चाई को वे खुलकर बताते थे। वे मुसलमानों के नहीं, मुस्लिम लीगियों के विरोधी थे। हिंदू महासभा के अपने अध्यक्षीय भाषणों में उन्होंने सदा हिंदुओं और मुसलमानों के समान अधिकार की बात कही। उनके विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ '1857 का स्वातंर्त्य-समर' में उन्होंने बहादुरशाह जफर, अवध की बेगमों तथा कई मुस्लिम फौजी अफसरों की बहादुरी का मार्मिक वर्णन किया है। जब वे लंदन में पढ़ते थे तो आसफअली, सय्यद रजा हैदर, सिकंदर हयात खां, मदाम भिकायजी कामा वगैरह उनके अभिन्न मित्र होते थे। उन्होंने खिलाफत आंदोलन का विरोध जरुर किया। गांधीजी उसके समर्थक थे लेकिन वही आंदोलन भारत-विभाजन की नींव बना। यह ठीक है कि सावरकर का हिंदुत्व ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा का आधार बना लेकिन सावरकर का हिंदुत्व संकीर्ण और पोंगापंथी नहीं था। सावरकर की विचारधारा पर आर्यसमाज के प्रवर्तक महर्षि दयानंद और उनके भक्त श्यामजी कृष्ण वर्मा का गहरा प्रभाव था। वे इतने निर्भीक और तर्कशील थे कि उन्होंने वेदों की अपौरूषेयता, गौरक्षा, फलित ज्योतिष, व्रत-उपवास, ब्राह्मणी कर्मकांड, जन्मना वर्ण-व्यवस्था, जातिवाद, अस्पृश्यता आदि को भी अमान्य किया है। वे ऐसे मुक्त विचारक और बुद्धिजीवी थे कि उनके सामने विवेकानंद, गांधी और आंबेडकर भी कहीं-कहीं फीके पड़ जाते हैं।

# कोचिंग सैंटरो पर सुरक्षा बढ़ाने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने विद्यार्थी परिषद ने की तालाबंदी



**मुरैना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के गेट का ताला लगाते हुए अपना रोष प्रकट किया और कहा कि मुख्यालय सहित सबलगढ़ एवं पोरसा तहसील में कोचिंग सेंटर पर आए दिन झगड़े फसाद हो रहे हैं, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो रहा है, इसलिए इनकी सुरक्षा बढ़ाई जाए और पुलिस पेट्रोलिंग कराई जाए। जिला मुख्यालय पर जीवाजी गंज में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग भी की गई है। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अर्जुन गोरैया ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर तालाबंदी कर ज्ञापन दिया और बताया कि सबलगढ़ एवं पोरसा शहर में कोचिंग सेंट्रो के आस पास आए दिन छात्रों में झगड़े होते हैं एवं छात्राओं से अभद्रता की जाती है। सबलगढ़ के संतर नंबर 3, 4 व 5 एवं पोरसा मंडी रोड पर कोचिंग संचालित हैं, वहां पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। जीवाजी गंज मुरैना में पुलिस चौकी की स्थापना की जाए, जिससे आए दिन होने वाले झगड़ों को रोका जा सके। इसके अलावा शहर में लगे सीसीटीवी खराब पड़े हुए हैं। वीआईपी रोड, चंबल कॉलोनी, गोपालपुरा, रोड न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और जो खराब पड़े हुए हैं, उन्हें दुरुस्त कराया जाए। एमएस रोड पर प्राइवेट हॉस्पिटल रेस्टोरेंट एवं अशासकीय दफ्तर संचालित है, जिन पर स्वयं की पार्किंग ना होने से एमएस रोड पर जाम लगता है, वही शहर में चलने वाली ई-रिक्शा के लिए बस स्टैंड बनाया जाए और उनका रूट निर्धारित किया जाए। शहर में अतिक्रमण के कारण बाजारों में निकलना मुश्किल हो गया है। पुलिस परेड ग्राउंड को सुबह शाम दोनों समय जनता के लिए पूर्व की तरह खोला जाए, वही उन्होंने कहा कि कोचिंग के समय सुबह 7 से 10 और शाम 4 से 6 बजे तक सभी तहसीलों तथा मुरैना नगर में लगातार पेट्रोलिंग निश्चित कर आरक्षक पुरुष महिला की ड्यूटी लगाई जाए तथा उनके नाम मोबाइल नंबर कोचिंग संचालक उपलब्ध कराए जाएं। संयोजक अर्जुन ने ज्ञापन में बताया कि नवम्बर 2020 में उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी, इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण अंचल में पुलिस का बीट सिस्टम बनाया जाएः आयुक्त



**मुरैना।** शहर की तर्ज पर ग्रामीण अंचल में पुलिस का बीट सिस्टम बनाएँ। दो से तीन पटवारी हल्का के बीच में एक बीट बनाई जाए। इस बीट के जरिए छोटे-मोटे आपसी विवादों को समझौते के आधार पर गाँव में ही निराकरण कराएँ। साथ ही गाँव के माफियाओं के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। इस काम में पटवारी सहित अन्य विभागों के मैदानी कर्मचारी भी सहयोग करें। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ग्वालियर एवं चंबल संभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिए। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि इस काम की जवाबदेही संबंधित अनुविभागीय पुलिस अधिकारी की होगी। उन्होंने कहा ग्रामीण अंचल की बीट सिस्टम की बैठक हर हफ्ते आयोजित की जाए। संभाग आयुक्त ने सभी जिला कलेक्टर से कहा कि बीट सिस्टम को बेहतर ढंग से लागू करने के लिये सभी विभागों के मैदानी कर्मचारियों के लिए स्पष्ट आदेश जारी करें। उन्होंने कहा आपसी समझौते से बेहतर कोई न्याय नहीं हो सकता। समझौता लिखित रूप में हो, जिससे सभी पक्ष इसका पालन करें।

### भाजपा ग्रामीण मंडल ने राजमाता को पुष्प अर्पित किए



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल मुरैना द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती श्रद्धाभाव से मनाई गई एवं उपस्थित भक्तो द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बृज किशोर दंडोतिया, मंडल अध्यक्ष रामलखन छावई, युवा नेता सुनील दंडोतिया, भाजपा नेता परशुराम लहरी, मनोज गुर्जर, शिवा गुर्जर, छोटू गुर्जर, दिलीप दंडोतिया, राकेश, लल्ला तिवारी, विक्रम गुर्जर, अशोक गुर्जर, ब्रजकिशोर सिंह, अंकित सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्री जी गार्डन कैलारस में भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र की कथा का हुआ वर्णन

**कैलारस।** गत 7 अक्टूबर से कैलारस श्री जी गार्डन नहर के पास में चल रही भागवत कथा के सातवें दिन कथा बाचक शास्त्री बहनजी ब्रजभारती ब्रन्दावन धाम के मुखार विंद से आज सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया। कथा के परीक्षित रामभरोशी प्रजापति पत्नी रामसनेही प्रजापति, अन्नो प्रजापति सगोरिया वालों द्वारा इस भागवत कथा में श्रदालुओं के बैठने जलपान आदि की व्यवस्था की जा रही है। विदित हो कि भागवत कथा में हजारो की संख्या में श्रदालु कथा सुनने आ रहे है और संगीतमयी कथा में बीच बीच मे नाचकर भाव विभोर हो रहे है। आज 14 अक्टूबर को भागवत कथा के समापन पर हवन पूजन भंडारे के साथ कथा का समापन उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की जाएगी। श्रीमद भागवत कथा व्यवस्थापक में राजबीर गौर अन्ना, सतेंद्र सिकरवार, रिंकू जादौन, अनिल खान आदि लोगो हजारो श्रोताओं की चाय, जल पान की व्यवस्था में लगे है। आज कथा का रस पान करने हजारों की संख्या में लोग आ रहे है।



## किसान नेता रामसिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह संपन्न

**कैलारस।** क्षेत्र के जाने-माने किसान नेता रामसिंह धाकड़ माधौगढ़ की प्रतिमा का अनावरण समारोह माधौगढ़ ल्होरी गढ़ी मैं संपन्न हुआ। इस मौके पर श्रद्धांजलि संकल्प सभा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि रामसिंह धाकड़ के अधूरे कार्यों को पूरे करने का हम सब लोगों को मिलकर संकल्प लेना है, वर्तमान दौर में जिस तरह से खेती किसानी पर हमले किए जा रहे हैं। उस समय राम सिंह धाकड़ के विचार और ज्यादा प्रासंगिक है। उन्होंने किसानों से जागरूकता अभियान चलाने, अंधविश्वास, कुरीतियों, नशाखोरी के खिलाफ संघर्ष को तेज करने की अपील की। इस मौके पर किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़ ने स्व. रामसिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य उनके चचेरे भाई जगन्नाथ सिंह धाकड़ ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर किसान सभा के तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास ने रामसिंह के साथ किए गए संघर्षों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में किसान, युवा, महिलाओं ने भागीदारी की। माधौगढ़ के ल्होरी गढ़ी स्थित मार्ग पर उनकी





## पर्ची कटने के बाद भी खाद न मिलने से नाराज किसानों ने लगाया जाम

**सबलगढ़।** खाद की किल्लत खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है, वहीं दूसरी ओर परेशान किसान सड़कों पर उतर आया है। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को सबलगढ़ मंडी प्रांगण में सुबह से लाइन में लगाकर हजारों किसानों को पर्ची वितरण कर दी गई। लेकिन शाम होते ही खाद समाप्त होने की बात कह कर वितरण रोक दिया गया। जिस बजह से लगभग 500 किसान ऐसे रह गए जिन्हें खाद नहीं मिला। अगले दिन वुधवार की सुबह पर्ची लेकर किसान अनाज मंडी पहुंचे, किन्तु खाद का वितरण वुधवार को भी बंद रहा जिससे नाराज़ किसानों ने राम मंदिर पर जाम लगा दिया। किसानों द्वारा जाम की स्थिति निर्मित किए जाने के बाद सूचना मिलने पर एसडीओपी गुरबचन सिंह, सबलगढ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन किसान अपनी मांगो को लेकर डटे रहे। अंततः तहसीलदार सबलगढ़ सभ्रता त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाते हुए कहा कि वह भी किसान की बेटी हैं, आपकी परेशानी समझ सकती हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग संयम धैर्य रखें प्रशासन द्वारा आप लोगों की समस्या के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है और जल्द ही भरपूर मात्रा में डीएपी उर्वरक सभी को उपलब्ध होगा। इस दौरान मौके पर मौजूद किसान एवं जिला पंचायत सदस्य कांग्रेसी नेता कमल रावत व कांग्रेस नेता जगदीश बंसल ने कृषि विभाग के अधिकारी एवं एसएडीओ जसवंत छावई पर खाद की काला बाजारी का आरोप लगाते हुए कहा कि बाजार में महंगी कीमत पर खाद मिल रहा है। कृषि अधिकारियों द्वारा सांठगांठ कर व्यापारियों को खाद बांट दिया गया है। इस पर तहसीलदार ने उन दुकानों के नाम पूछे जहां यह खाद मिल रहा है और उन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अगले दिन से नियमित खाद वितरण के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम खोलने का आग्रह किया, जिसे किसानों ने स्वीकार किया और जाम खोल दिया।

## सैनिक सम्मान के साथ हवलदार वकील सिंह का हुआ अंतिम संस्कार

**मुरैना।** सीआरपीएफ के हवलदार की दिल्ली मंत्रालय में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। हवलदार के शरीर में जवान अमन सिंह ने करीब 7 गोली मारी है, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि वकील सिंह टैंगोर का उनके ही साथी जवान अमन सिंह से झगडा हो गया। झगडा इतना बढ गया कि अमन ने वकील पर ताबड़तोड़ 7 गोलियां बरसा दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजन दिल्ली पहुंचे और बुधवार की सुबह शव को लेकर मुरैना पहुंचे। मुरैना में सीआरपीएफ के हवलदार के शव को दिल्ली से लाकर मुरैना रेस्ट हाउस में रखा गया, उसके बाद शव को घर ले जाते समय जौरा रोड पर परिजनों ने चक्काजाम लगा दिया। परिवार वाले वकील सिंह के शव को देखकर आक्रोशित हो गए और उनकी मांग यह थी कि हवलदार वकील सिंह को शहीद का दर्जा दिया जाए और उनके नाम से एक पार्क की स्थापना की जाए। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा काफी मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर जाम को खुलवाया गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने शहीद के नाम से पार्क खोलने की अनुमति दी, उसके बाद कहा के आगे की कार्रवाई केंद्रीय सरकार की तरफ से की जाएगी। शहीद का दर्जा देना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी होती है, उसके बाद शहीद के शव को घर पर पहुंचाया गया। अंतिम संस्कार की पूरी प्रक्रिया करने के बाद शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी देते हुए वरिष्ट अधिकारियों और पूर्व विधायक एवं परिवारी जनों ने फूल माला पहनाकर सम्मान किया। मृतक हवलदार मेजर के पुत्र को सीआरपीएफ के अधिकारियों ने तिरंगा झंडा दिया। वकील सिंह की प्रेमनगर में राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की।



## दर्शन करने जा रहे अधेड़ को गोली मारी, पूर्व में भी आरोपी कर चुके हैं मारपीट




**मुरैना।** नूराबाद थाना क्षेत्र के करह धाम मार्ग पर नवाब का पुरा पुलिया के पास बुधवार की सुबह करह धाम दर्शन के लिए जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति को आधा दर्जन लोगों ने कट्टे से गोली मार दी और फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने घटना की रिपोर्ट नूराबाद थाने में नाम दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिठौली निवासी पुलेन्द्र पुत्र मजबूत सिंह गुर्जर 50 वर्ष बुधवार की सुबह 9 बजे टेकरी से करह धाम दर्शन के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में नवाब का पुरा पुलिया के पास आरोपी सूरज पुत्र केदार सिंह निवासी संभर का पुरा थाना सराय छोला, प्रभु सिंह पुत्र गिर्राज सिंह जाट निवासी थाना सैया एवं चार अज्ञात व्यक्तियों ने घेरकर कट्टे से गोली मार दी, जो उसकी जांघ में लगी। गोली चलाने के बाद आरोपी अपनी बाइक से भाग निकले। घायल पुलेन्द्र को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि घायल एवं आरोपी गणों के बीच लड़के के रिश्ते को लेकर कुछ विवाद चल रहा है और रिश्ता टूट जाने के बाद पुलेन्द्र को आरोपी सूरज से रुपए लेने थे, जिसके कारण 9 अक्टूबर को भी उक्त आरोपीगणों ने पुलेन्द्र की मारपीट कर दी थी जिसमें सराय छोला थाना पुलिस द्वारा कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। फिलहाल नूराबाद थाना पुलिस ने आरोपियों द्वारा पुलेन्द्र पर किए गए जानलेवा हमले के बाद धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

## ब्राइट कैरियर में 211 कन्याओं को उड़ाई चुनरी, दिलाई बुराइयों से दूर रहने की शपथ



**अम्बाह।** दुर्गा अष्टमी के अवसर पर ब्राइट कैरियर एकेडमी में हुए सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य और उनकी पत्नी डॉ प्रगति शर्मा द्वारा आनन्दक साथियों के साथ मिलकर 211 कन्याओं का पूजन कर माता की चुनरी उड़ाई गई और उपस्थित विद्यार्थियों को सभी बुराइयों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बच्चों के साथ नारा लगाया गया, हम सब भक्त, मां के बच्चे, सबसे अच्छे-सबसे सच्चे। सामूहिक कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की स्तुति से हुआ। इस अवसर पर मां दुर्गा की आराधना का महत्व बताते हुए प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा ने कहा कि समाज में अनेक बुराइयों पापों और पाप कर्ताओं, दुष्टों और राक्षसों का विनाश करने के लिए शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा ने अवतार लिया। इसलिए नवदुर्गा में हमें अपने मन से सभी प्रकार की बुराइयों को दूर करना चाहिए। यही मां की सच्ची आराधना है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने कन्याओं को चुनरी उड़ाई और पैर पूजन कर आरती उतारी। कार्यक्रम संयोजन संगीता तोमर, राहुल गुप्ता, आरती जैन ने किया। कार्यक्रम में शालिनी तोमर, प्रियंका तोमर, पूजा यादव, शीतल चतुर्वेदी, शिवानी तोमर, अंजली शर्मा, हेमा सक्सेना, लोकेंद्र गुर्जर, अरविंद शर्मा, अवधेश दीक्षित, भूपेंद्र सिंह तोमर, मोहित शर्मा, सुदामा शर्मा, विष्णु परमार का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर आनंद टीम के साथी अरविंद मावई, मनोज पंडित, देव गुर्जर, महेंद्र सखवार, बालकृष्ण शर्मा, दुष्यंत तोमर ने कन्याओं को कलर, स्केच पैन के सेट, फल और दक्षिणा भेंट की।

## स्ट्रीट रॉकर्स डांडिया नाइट मैं मथुरा से आए कलाकार ने दी शानदार प्रस्तुति



**मुरैना।** स्ट्रीट रॉकर्स इंडिया नाइट में दूसरे दिवस भी डांडिया नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें निधि जैन आबकारी अधिकारी, आशा सिकरवार सोशल वर्कर, अवनीश उपाध्याय असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत स्ट्रीट रॉकर्स इवेंट कंपनी के डायरेक्टर राजकुमार यादव ने किया एवं एवं एसबी ग्रुप ऑफ कॉलेज से संदीप भदोरिया, सचिन कपूर, आकाश ग्रुप ऑफ कंपनी से गौरव गोयल, जेपी मोटर्स एंड ट्रैक्टर से सतीश सिंघल एवं होटल धर्म इन से तिजेंद्र खेड़ा मौजूद रहे। लायंस क्लब रीजन डायमंड एवं रोटरी क्लब चंबल के तत्वधान में स्ट्रीट रॉकर्स डांडिया नाइट का आयोजन किया गया जिसमें रॉक जॉन डांस स्टूडियो ने अपनी गरबा प्रस्तुति दी जिसके उपरांत मथुरा से आए कलाकार ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम मे मयूर नृत्य द्वारा सभी के साथ फूलों से होली उत्सव मनाया गया एवं गुलाल द्वारा सभी के साथ गरबा किया गया। स्ट्रीट रॉकर्स द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों को मोमेंटो द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में स्ट्रीट रॉकर्स से राजकुमार यादव, मयंक श्रीवास्तव, तिजेन्द्र खेड़ा, भानु प्रताप, हिमांशु श्रीवास्तव, मिलन शर्मा, गिर्राज यादव, रवि शर्मा, गजेंद्र, रामवीर, राजा कुशवाहा और रोटरी क्लब चंबल से आनंद गुप्ता, आकाश चांदिल, नीरज बांदिल, लायंस क्लब रीजन डायमंड से राजेश बांदेल, जे पी शर्मा, सपना बंसल, तिजेंद्र खेड़ा, कौशल मंगल, किरण गुप्ता मौजूद रहे। इस डांडिया नाइट का दौनो दिवस एंकर आरोही द्वारा संचालन किया गया।

## मध्यप्रदेश कर्मचारी कॉंग्रेस चम्बल संभाग के संभागीय उपाध्यक्ष बने दीक्षित



**मुरैना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी कॉंग्रेस चम्बल संभाग के संभागीय अध्यक्ष राजकुमार दांगी ने संगठन का विस्तार करते हुए पुरुषोत्तम लाल दीक्षित को चम्बल संभाग का संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रांतीय पदाधिकारियों ने आशा जताई है कि श्री दीक्षित मुरेना, श्योपुर जिले के जिलाध्यक्ष के सहयोग से संगठन को सुद्रण एवं गतिशील बनाएंगे। कर्मचारियों के हित में सक्रियता प्रदान करते हुए संभागीय उपाध्यक्ष का तत्काल कार्यभार ग्रहण कर संभागीय निकाय को अवगत कराया जाए। संगठन में नियुक्ति करने पर मुनेंद्र सिंह परिहार वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष, विनोद कुमार अवस्थी प्रांताध्यक्ष और उनके साथियों ने उजव्वल भविष्य की कामना की है। चम्बल संभाग के संभागीय उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल दीक्षित ने बताया कि कर्मचारियों के हित मे जो भी कार्य होगा, उसके लिए में हमेशा तत्पर रहूँगा।

## वन-टू-वन

### ग्वालियर रोड स्थित खेड़ापति सरकार हनुमान मंदिर पर नवदुर्गा महोत्सव के अवसर पर चल रही संगीत में



**विवेक सेन रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**इंदरगढ़ ।** श्रीमद् भागवत कथा मैं सोमवार को भागवताचार्य रजनीश शास्त्री द्वारा श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई इस दौरान उन्होंने बताया कि मन लगाकर लगन के साथ की गई मेहनत कभी भी जाया नहीं जाती उसका फल भले ही देरी से मिले पर मिलता अवश्य है उन्होंने कहा वर्तमान में जीना वर्तमान की जीना अपने आप में सत्य को ही जीना है अतीत हमेशा चिंता को बढ़ावा देता है जबकि भविष्य सपनों का जाल बनता है शक्ति के लिए एक ही मंत्र है बीता गया सो बीत आ गया उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति को जोखिम उठाना ही होगा खतरों का सामना करना ही होगा जो व्यक्ति जिंदगी के जंगल को पार करना चाहता है उसे इस जंगल के राह में आने वाले हर अमरूदों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा उन्होंने कहा ऐसा कोई कामयाब व्यक्ति नहीं जिसने अपने जीवन काल में ना कामयाबी का सामना ना किया हो नवदुर्गा महोत्सव के पंचमी के दिन बड़े ही उत्सव से माता की झांकी सजाई गई धूमधाम से श्री खेड़ापति मंदिर के पुजारी दाती महाराज महेश महाराज संतोष महाराज जी राघवेंद्र शास्त्री सभी भक्त गण उपस्थित रहे।

### यूपीएससी परीक्षा पास करने पर सचिन अग्रवाल का खेराग में हुआ सम्मान



**पुष्पांजली टुडे**

**खेराग? -** समाजसेवी पूर्व जिलापंचायत सदस्य सुधीर गर्ग गुड्डू के निवास पर ढ्ढस् में चयनित होकर 20 अक्टूबर 2021 को के. एल.शास्त्री डिग्री कॉलेज जगनेर में होने वाले मेघावी छात्र सम्मान समारोह के सम्बंध में तैयारियों को लेकर खेराग? विधानसभा के गौरव पहले प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले जगनेर निवासी सचिन अग्रवाल अपने परिजनों के साथ पधारे उनका सुधीर गर्ग औऱ धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा गर्ग जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा ने पटका पहना कर स्वागत अभिनंदन किया और सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे खेराग? क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। ग्रामीण आंचल से निकलकर पहले ही प्रयास में इस तरह की सफलता प्राप्त करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। सचिन अग्रवाल ने कहा कि गांव से लेकर देश से मेहनती छात्रों के लिए हमारा संदेश होगा कि लक्ष्य के लिए हमेशा प्रेरित रहें। सफलता एक दिन जरूर कदम चूमेगी। मेहनत के बल पर कोई भी मुकाम प्राप्त किया जा सकता है। ।


### संयुक्त किसान मोर्चा ने कैंडल मार्च निकाला



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** संयुक्त किसान मोर्चा ने गांधी मार्केट से परैड चौराहे तक केंडल मार्च निकालकर लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की किसानों के हत्यारों को फांसी देने की मांग की गई।अंत में दो मिनट कामौन रखा गया।इस अवसर पर एड.देवेंद्र सिंह चौहान, बी.के.बौहरे,सूरज रेखा त्रिपाठी, अनिल दौनेरिया, नीरज यादव,नरेन्द्र सेंगर, विनोद सुमन,सूरजसिंह यादव, दिव्या सिंह, मंजू तोमर,पलक सिंह, गजेंद्र सिंह, राजेश्वर यादव,भगवान सिंह यादव, प्रभूदयाल सेजवार,राजेश सिंह तोमर, डा.राजौरिया, श्रीकृष्ण बाल्मीकि आदि किसान मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत शिवपुरा में शाखा प्रबंधक का हुआ विदाई समारोह



**पुष्पांजली टुडे**

**पाली ~**-राजस्थान ग्रामीण बैंक सरदार समंद के ब्रांच मैनेजर हंसराज माली का विदाई समारोह ग्राम पंचायत शिवपूरा के राजीव गांधी सेवा केंद्र मे रखा गया। उनके पिछले पांच साल के कार्यकाल मे आम जनता को बहुत फायदा दिया लोन लेन देन आदि कार्यो मे किसानो की मदद करते थे। सरपंच प्रतिनिधि नेमाराम धुरासनी सरपंच जगदीश सिह शिवपूरा थाना प्रभारी अनिल कुमार चौधरी उप सरपंच मानसिंह वार्ड पंच भोपाल सिह तेजाराम चौधरी सुरेश मुकेश चौधरी भियाराम रतनाराम रफीक कानाराम पर्वत नासिर कर्मवीर मोहनलाल नरपतसिह आदी ने मान समान किया।

# जिले में खाद की कालाबाजारी जोरों पर प्रशासन रोकने में नाकाम: मानसिंह कुशवाहा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**

**मंत्रियों के द्वारा किसानों की मदद करने की बजाय किया जा रहा है ह?काने का काम,सात दिन में खाद की व्यवस्था सुदृ? नहीं हुई तो कांग्रेस के द्वारा किया जाएगा कलेक्ट्रेट का घेराव***

**भिण्ड ।** जिले में खाद की किल्लत रुकने का नाम नहीं ले रही है।बावजूद इसके प्रशासन अधिकारी छुट्टी लेकर आराम फरमाने का काम कर रहे हैं जबकि जिले का किसान विगत 15 दिनों से सुबह 4 बजे से कतार बध्द होकर लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करता रहता है।लेकिन शाम को उसके हाथ में निराशा के अलावा कुछ नहीं आती है।जब इस विषय पर किसानों के द्वारा खाद की मांग की जाती है।तो भाजपा नेताओं की सह पर पुलिस प्रशासन उन पर दबाव बनाने के लिए एफआईआर करने का काम कर रही है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर 13 अक्टूबर बुधवार दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभारी कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे को ज्ञापन सौंपते हुए ना सिर्फ नारेबाजी की बल्कि भाजपा सरकार एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ किसानों के समर्थन में आंदोलन करने की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा कि बोवनी का समय गुजरता जा रहा है।जबकि किसानों के द्वारा 50त्न भी वोबनी नहीं हो सकी है।



इसका मुख्य कारण समय पर खाद की उपलब्धता नही होने से जिले में जब इन सभी जायज मांगों को लेकर किसानों के द्वारा आंदोलन किया जाता है तो उन पर एफआईआर कर दी जाती है। वही जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों पर की गई एफआईआर जल्द से जल्द वापस ली जाए वही कालाबाजारी करने वाले भाजपा के गुर्गों को ऊपर जांच कर द्ध.द्ध.ह्ल की कार्रवाई की जाए। वही जिलाध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री के द्वारा किसानों की मदद करने की बजाय उन्हें ह?काया जा रहा है।इसका जवाब किसान आने वाली चुनाव में देंगे।वहीं जिला अध्यक्ष ने कहा कि खाद की व्यवस्था विगत 7 दिनों में अगर सुचारू रूप से संचालित नहीं हुई तो कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों की संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे और इन सब का जिम्मेदार स्वयं प्रशासन होगा। वही जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने ज्ञापन के साथ अखबार की प्रति संलग्न करते हुए कहा कि पत्रिका अखबार में प्रकाशित खबर का भी उल्लेख किया जिसमें खबर प्रकाशित हुई थी भाजपा नेता ने चहेतों को बटवाया खाद,उसके बाद भी पुलिस उन पर कार्रवाई करने में कोताही बरत रही है।मानसिंह कुशवाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसानों का समर्थन किया है और उनकी आवाज बुलंद करने का काम किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से जय श्रीराम बघेल,भगवानदास सेथिया, देव भान सिंह भदोरिया, राम हर्ष सिंह कुशवाहा हर नारायण शर्मा,बृजेंद्र सिंह कल्लू भारौली,आशुतोष शर्मा,राहुल सिंह कुशवाह,अनिल भारद्वाज,संजय भूता,आशीर्वाद शर्मा, राजवीर बघेल,रोकी तोमर,विनोद पंडित,रेखा भदोरिया,अनीस कुरैशी, शालू पुरोहित,काजी रिजवान,संदीप मिश्रा,अशोक गुप्ता,मोहर अरविंद सोनी, राजवीर भेलवार,अंकित तोमर,वीर प्रकाश श्रीवास्तव, विजय दैपुरिया, योगेश शाक्य,दीपू दुबे, विक्रम सिंह राजावत बलराम सिंह राजावत भारौली,राम गोविंद सिंह राजावत, चंद्रभान सिंह राजावत,हैवरन सिंह बघेल देवेंद्र सिंह कुशवाहा,अमन,गगन सिंह राजावत,सुमित बघेल के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाद की कालाबाजारी अन्नदाता के लिए बनी मुशीबत,व्यापारी कर रहे अन्नदाता से ठगी।



**डी ए पी की 1210 रुपए की बोरी को दुकानदार बेच रहा था 15 सौ में, पुलिस ने पक?ा।**

**खाद की बोरी की कालाबाजारी होते पुलिस ने पक?ा।**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** जिले में इन दिनों खाद की किल्लत बनी हुई है। किसानों को खाद न मिलने पर खेत सूने पड़े है। ऐसे अन्नदाताओं को ठगने के लिए मुनाफाखोर सामने आने लगे है। इस बात की सूचना गोरमी थाना पुलिस को लगी। पुलिस ने एक खाद-बीज विक्रेता के गोदाम पर छापा मारा। यहां खाद विक्रेता ज्यादा मुनाफा कमाने के फेर में तीन सौ रुपए महंगी बोरी बेच रहा था। पुलिस के मुताबिक गोरमी में खाद विक्रेता संजय जैन का मेहगांव रोड पर खाद का गोदाम है। यहां से संजय जैन द्वारा महंगे दामों में डी ए पी खाद की बोरी बेची जा रही थी। खाद का ब्लैक होने की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। यहां गोदाम से डी ए पी की 135 खाद की बोरी बरामद हुई। वहीं 70 बोरी ब्लैक कर चुका था। पुलिस ने पूछताछ की तो खाद विक्रेता जैन ने कहा कि यह मेरा गोदाम है यहां से दुकान पर बोरी लेकर जाते हैं, जहां से बोरी बेची जाती है। इस पर थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा ने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है। डीएपी और यूरिया के लिए किसान भटक रहा है। तुम 1210 रुपए की बोरी को 15 सौ रुपए में बेच रहे हो। खाद विक्रेता ने कहा कि सर ऐसा नहीं है। एक या दो बोरी ही बेची है। इस पर टीआई ने कहा कि किसानों की परेशानी हम नहीं देख पाएंगे। किसानों को तुम ठग रहे हो, सीधे गोदाम से महंगे दामों पर खाद बेच रहे हो। खाद की शासन द्वारा निर्धारित रेट में बेचने का लाइसेंस मिला है।

## पहाडावाली माँ पांढरी पाट माता के दरबार में 1451 कलश विसर्जित हुए विसर्जन



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** जिले के लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम वारी खराड़ी में स्थित मां पांडरी पाठ देवी मंदिर में अष्ठमी पर हवन पूजन के साथ 4 बजे से कलश विसर्जन किया गया। ज्ञात हो कि लांजी क्षेत्रान्तर्गत खराडी जलाशय के समीप पहाड़ों पर विराजमान माँ पांढरी पाट मंदिर में श्रृद्धालु भक्त जन, दर्शनार्थीयों को मेला लगा हुआ है, मंदिर में नौ दिवस तक विभिन्न आयोजन, विधि पूर्वक पूजन अर्चन कार्यक्रम आयोजित हुए। मंदिर के पण्डा रेखलाल कावरे, सेवक सुधीर दशरिया एवं समस्त मंदिर समिति के कार्यकर्तागणो एवं ग्राम के द्वारा माता रानी के दरबार में माता का जगराता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी सुन्दर मधुर संगीतो मे देवी गीतो की प्रस्तुतजागरण ग्रुप के द्वारा दी गई। जगराता का लाभ स्थानीय भक्तो सहित आस पास के श्रृद्धालु जनो ने पंहुचकर लिया तथा देवी गीतो मे झुमते हुये माता का आर्शीवाद प्राप्त किया।

**1451 कलश हुए विसर्जित-आज होगा ज्वारा विसर्जन**

**माँ पांढरी पाठ एवं कलश**

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध माँ पहाडावाली माता माँ पांढरी पाठ मंदिर वारी मे आज महाअष्ठमी पर हवन पूजन आदि के पश्चात माता को भोग लगाकर स्थापित मनोकामना कलश का विसर्जन किया गया। कलश विसर्जन में पहाडो से संध्या काल मे कलशो का विसर्जन शोभा यात्रा एक विहंगम दृश्य दर्शाता था, जो कि देखने योग्य रहा। 1451 कलश माताऐं अपने सर पर कलश धारण कर विसर्जन हेतु नीचे मंदिर तल पर जलाशय के पार पर ले जाया गया।



## ईमानदारी के मिसाल बने समाजसेवी नीटू यादव एवं पिंटू यादव

**9100 रुपये एवं जरूरी कागजात रखा बैग वापस लौटाया**

**पुष्पांजली टुडे**

**इटावा ।** मामला इटावा जनपद के भर्थना कस्बे के का है जहां राकेश चंद एडवोकेट का 9100 रुपये एवं कुछ जरूरी कागजात का बैग कलेक्ट्रेट कंपाउंड जवाहर रोड भर्थना में खो गया था। इत्तिफाक से ये रुपये सहित बैग भर्थना के कुँवरा निवासी दो समाजसेवी नीटू यादव एवं पिंटू यादव के हाथ लग गया। दोनों समाजसेवियों ने मानवता दिखाते हुए कागजात के आधार पर पीि?त राकेश चन्द एडवोकेट से ?ोन पर सम्पर्क किया और उनको बताया कि उनके 9100 रुपये और जरूरी कागजात हमारे पास सुरक्षित हैं। और यथाशीघ्र पीि?त एडवोकेट राकेश चन्द के पास पहुंचकर उन्हें रुपये सहित बैग वापस कर ईमानदारी की मिसाल कायम की।

# भाजपा की उपचुनाव में विजय सुनिश्चित देखकर बौखला गए हैं कमलनाथ: राज्यमंत्री भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**



**भिण्ड ।** नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कांग्रेस के 15 माह के सरकार के झूठे मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा खंडवा की सभा में प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिन्होंने हमेशा झूठ बोलना जनता को झूठे आंकड़ों के साथ भ्रमित करना किसानों और युवाओं से और लाडली लक्ष्मी बहनों से झूठ बोलना पूर्व कांग्रेसी सरकार की मानसिकता रही थी ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा संगठन के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और बढ़ते हुए उपचुनाव में उनका प्रभाव भाजपा की बढ़ती हुई ताकत को देखकर कमलनाथ बौखला गए, इस प्रकार की सभाओं में बोलना उनकी गंदी मानसिकता को प्रदर्शित करती है द्य ऐसी बात उन्होंने भिंड जिले के मेहगांव विधानसभा उपचुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी के रूप में डबरा से चुनाव लड़ रही बहन इमरती देवी के बारे में भी कहकर अपनी ओछी मानसिकता का प्रमाण दिया था ।राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि कमलनाथ से 15 माह की कांग्रेस सरकार से प्रश्न पूछे हैं वह सही पूछे हैं अगर कमलनाथ के पास उन प्रश्नों का उत्तर है तो उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा एवं मध्य प्रदेश की उपचुनाव में जनता को दें द्य

2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक चुनावी सभा में मध्यप्रदेश के मंदसौर में कहा था कि आप प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएं 10 दिन में हम किसानों के कर्ज माफ करेंगे विकास को गति प्रदान करेंगे लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आपने कितने किसानों के कर्ज माफ किए? कभी किसानों के सुख-दुख में खड़े नहीं हुए किसान और युवाओं से झूठ बोलकर सत्ता प्राप्त की और उनके ही कांग्रेस के नेता पूर्व में रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी उनकी सरकार की पोल खोलकर देश की जनता के सामने रख दी, इससे वह बौखला गए और मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकासशील सरकार बनी जिन्होंने किसानों के खेत में खड़े होकर उनके दुख और सुख को समझा और उनके विकास की योजनाएं बनाई द्य

राज्यमंत्री भदौरिया ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पूर्व सरकार की विकास योजनाओं को बंद कर उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जहां गरीब और मजदूर किसानों के विकास को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई गई थी चाहे वह लक्ष्मी लाडली योजना हो संबल योजना हो पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना हो ऐसी कई योजनाएं थी जिन को बंद कर गरीबों के विकास को रोकने का काम किया था जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में बनी उन्होंने उन योजनाओं को दोबारा से प्रारंभ कर गरीबों के विकास को आगे बढ़ाने का काम किया इससे कमलनाथ बौखला गए द्य

# केदारनाथ धाम के मन्दिर की प्रतिमूर्ति से सजा माता रानी का दरबार

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** लांजी के नवयुवकों का एक समूह सादर मित्र मंडल प्रत्येक वर्ष नौरात्र पर कुछ ना कुछ नया करने के लिए प्रसिद्ध है। इस नौरात्र भी सादर मित्रमंडल ने विश्वेसरैया चौक में नौरात्र पर्व पर भक्तिमय वातावरण का ऐसा निर्माण किया है कि ना सिर्फ लांजी बल्कि सम्पूर्ण बालाघाट जिले के साथ साथ गोंदिया महाराष्ट्र, छत्तीसग? से भी श्रद्धालु यहां पहुँच रहे है। साथ ही समिति द्वारा निर्मित किये गये पंडाल , माता की मूर्ति और व्यवस्थाओं को देखकर भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे है।

आजकल सम्पूर्ण जिले में केदारनाथ की खासी चर्चा हो रही है। कारण स्पष्ठ है लांजी में सादर मित्र मण्डल द्वारा बनाई गई केदारनाथ धाम के मंदिर की प्रतिमूर्ति है । जिसे देखने लांजी के आसपास छत्तीसग?, महाराष्ट्र सिमा से लगे जिलों और सम्पूर्ण बालाघाट जिले के लोग ब?ी संख्या में देखने के लिए आ रहे है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म में उपयोगकर्ताओं के द्वारा जिस तरह से पंडाल की ?ोटो शेयर की जा रही है वही इस बात को प्रमाणित करता है कि पण्डाल कितना आकर्षक बना है। समिति के सदस्यों ने चर्चा में बताया कि पण्डाल बनवाने के लिए पश्चिम बंगाल से कारीगरों को बुलाया गया था साथ ही थर्माकोल और पेंटिंग के लिए नागपुर और गोंदिया से कारीगर को बुलाये गए थे।

बतादे की केदारनाथ नाथ में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग स्थापित है। जिसका मन्दिर विश्वप्रसिद्ध है। मान्यता है कि केदार धाम के मंदिर में साक्षात शिव विराजित है। अपने उदयकाल से लेकर केदारनाथ धाम का मंदिर अनेको बार आपदाओं के कारण क्षतिग्रस्त हुआ है। हाल ही में उत्तराखंड में आई बा? से मन्दिर का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था किंतु समय चक्र के साथ ही मन्दिर का नवनिर्माण होत रहा। कहा जाता है कि स्वर्ग का रास्ता केदारनाथ से होकर जाता है।





**शिवलिंग पर आदिनाथ और माँ भगवती की मूर्ति का स्वरूप:** अपने उत्कृष्ट प्रयासों से प्रत्येक नौरात्र चर्चा में रहने वाले सादर मित्र मंडल ने विश्वेसरैया चौक लांजी में माता की प्रतिमा का स्वरूप में भी केदारनाथ थीम की झलक दिखाई प?ती है। पंडाल में प्रवेश करते ही एक ब? हॉल के सामने माता की भव्य प्रतिमा दिखाई प?ती है। माता की मूर्ति के पीछे लगभग 12 फिट का ब?ा सा शिवलिंग बनवाया गया है जिसमे आदिदेव महादेव की उभरी हुई छवि को बनवाया गया है, माता की स्थापना शिवलिंग के सामने जलहरी पर की गई है। साथ ही शिवलिंग के दोनों ओर त्रिशूल की आकृति बनी हुई है जो प्रतिमा को और भी अधिक भव्य बनाया है, एक एक चीज का विशेष ख्याल रखते हुए माता का की मूर्ति तैयार करवाई गई है। माता की प्रतिमा का सौंदर्य और आभा देखते ही बनता है।

**निलकंठेस्वर भक्तिधाम से पधारे पण्डित प्रशान्त कृष्णशास्त्री के द्वारा सुनाई जा रही भगवती की कथा और भजनों ने बनाया भक्तिमय वातावरण:** पिछले 2 वर्षों से सदर मित्रमण्डल द्वारा श्री निलकंठेस्वर भक्ति धाम ट्रस्ट कटनी के सिद्ध महाराज पं. प्रशांत कृष्ण शास्त्री जी को बुलाया जा रहा है। पं. प्रशांत कृष्ण शास्त्री अपने मनमोहक भजनों और पूजा पद्धति को लेकर इन दिनों खासी चर्चा में है। चाहे उनके द्वारा करवाई जा रही माता की संगीतमय आरती की बात हो, आरती के पश्चात उनके द्वारा सुनाई जा रही भगवती की कथा हो या फिर उनके द्वारा सुनाए जा रहे भजन हो उन्हें सुनने लगातार ब?ी संख्या में लोग आ रहे है। पं. प्रशांत कृष्ण शास्त्री ने विश्वेसरैया चौक में ऐसे भक्तिमय वातावरण का निर्माण कर दिया यहां आने वाले भक्त मंत्रमुग्ध हो जाते है। पं. प्रशांत कृष्ण शास्त्री जी ने चर्चा के दौरान बताया कि वह श्री नीलकंठेश्वर भक्ति धाम ट्रस्ट कटनी से आये है। जो कि एक ब?ा तीर्थ स्थल है। निलकंठेस्वर धाम के प्रमुख ट्रस्टी श्री मदन लाल ग्रोवर, श्री बाबू ग्रोवर के द्वारा प्रति वर्ष 161 दिवसीय मानस जी अखंड पाठ और 14 ब्राह्मणों द्वारा 51 दिवसीय रुद्राभिषेक करवाया जाता है।

## वन-टू-वन

### कलेक्टर ने दवाई खिलाकर टीबी प्रिवेन्टिव थेरेपी का किया शुभारंभ



**भोपाल।** कलेक्टर अविनाश लवानिया, डीआईजी भोपाल इरशाद वली, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी द्वारा बुधवार को सिविल अस्पताल बैरागढ़, भोपाल में टीबी प्रिवेन्टिव थेरेपी (पीएमटीपीटी) कार्यक्रम का लाभार्थी को दवा खिलाकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा, बैरागढ़ अस्पताल के अधीक्षक डॉ. रामहित, विश्व स्वास्थ्य संगठन-कंसल्टेंट डॉ. विकास सभरवाल, डॉ. उत्सव राज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### समोसे मे नशीला पर्दाथ खिलाकर नर्सिंग छात्रा से किया बलात्कार

**भोपाल।** राजधानी के रातीबढ थाना इलाके मे नर्सिंग कॉलेज से प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही 18 साल की युवती के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्त बने युवक द्वारा समोसे में नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। घटना चार दिन पुरानी है, बीते दिन पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मिसरोद पुलिस के अनुसार 18 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत मे बताया कि वो शहर के बाहर की रहने वाली है, ओर यहां अपनी एक सहेली के साथ किराए का कमरा लेकर रहती है। पिछले महीने इंस्टग्राम के जरिये उसकी दोस्ती अरविंद अहिरवार नाम के युवक से हुई थी। चार दिन पहले युवक लड़की से मिलने उसके रूम पर आया था। पीड़िता ने उससे समोसे लाने के लिए कहा था। आरोपी के दिए समोसे खाते ही छात्रा बेहोश हो गई। जिसके बाद में आरोपी ने उसके साथ ज्यादती की और फरार हो गया। बाद मे होश मे आने के बाद फरियादिया को स्वयं के साथ गलत काम होने का एहसास हुआ। पहले तो समाज मे बदनामी के डर वो तीन दिन तक चुप रही। लेकिन इसके बाद उसने हिम्मत कर थाने जाकर प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने अरविंद अहिरवार के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्जकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

### कई महीनों के बाद हांगकांग में दिखाई दिए चीनी अरबपति जैक मा

**बीजिंग।** एक वक्त दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति रहे चीनी अरबपति और अलीबाबा के फाउंडर जैक मा बीते कई महीनों से गायब हैं।लेकिन आखिरकार वह हांगकांग दिखाई दिए है। जैक ने कुछ कारोबारी सहयोगियों से खाने पर मुलाकात की।पिछले साल अक्टूबर में चीन सरकार की नीतियों की आलोचना करने के बाद जैक मा कई महीनों तक अचानक गायब हो गए थे।हालांकि इसके बाद वहां जनवरी में नजर आए थे। मगर अक्टूबर वाली घटना के बाद अलीबाबा के संस्थापक जैक मा बहुत कम ही मौकों पर सार्वजनिक रूप से लोगों के सामने आए हैं। अक्टूबर 2020 में जैक मा ने अपने भाषण में चीन की नियामक प्रणाली पर सवाल उठाए थे।इसके बाद उन्हें चीनी कम्युनिस्ट सरकार के गुस्से का सामना करना पड़ा था।इतना ही नहीं उनके एंट ग्रुप फिनटेक आर्म के 37 अरब डॉलर के आईपीओ को निलंबित भी कर दिया गया था।अक्टूबर के भाषण के बाद से चीनी नियामकों ने अक्टूबर में उनके भाषण के बाद से जैक मा के बिजनेस पर नजरें टेढ़ी की थीं।अलीबाबा के खिलाफ एंटी-ट्रस्ट जांच शुरू कर दी थी। यही नहीं, उन्होंने एंट को कर्ज देने के अपने मुख्य कारोबार को इसके ऑनलाइन पेमेंट डिविजन से अलग करने का भी आदेश दिया था। एक समय में चीन के सबसे मुखर कारोबारियों में शुमार जैक मा अब महीनों तक लोगों की नजरों में नहीं आते और न ही पब्लिकली कोई बयान देते हैं।

### मोसाद यदि पाकिस्तान में परमाणु मिसाइल जनक कादिर के इरादों को भाप लेती, तब उन्हें मार देती

**लंदन।** पाकिस्तान और मुस्लिम देशों का पहला परमाणु मिसाइल बनाने वाले पाकिस्तान के डॉ.अब्दुल कादिर खान का दो दिन पहले निधन हो गया। अब डॉ. कादिर से जुड़ा एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है।इजरायली खोजी पत्रकार योसी मेलमैन ने दावा किया है कि अगर अब्दुल कादिर के परमाणु बम तैयार करने के इरादे के बारे में इजरायल (ढ्ढह्यह्म्ड्डद्गद्य) को सही समय पर पता चल जाता,तब मोसाद के पूर्व प्रमुख शबताई शावित ने वैज्ञानिक की हत्या के लिए एक टीम भेज दी होती।अब्दुल कादिर खान की रविवार को तबीयत बिगड़ने के बाद उनका 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पत्रकार ने दावा किया कि अब्दुल कादिर ने पाकिस्तान को बम दिया,परमाणु सीक्रेट को चुराकर बेचा,एक छायादार वैश्विक प्रसार नेटवर्क से पैसा कमाया, ईरान को परमाणु रास्ते पर जाने में मदद की, लीबिया के मुअम्मर गद्दाफी को उसके रिएक्टर महत्वाकांक्षाओं को लेकर मदद की। इसके बाद भी इजरायली जासूसी एजेंसी मोसाद के हाथों मारे जाने के बजाय उनकी मौत प्राकृतिक तरीकों से हुई है।पत्रकार ने कहा कि मोसाद ने मध्यपूर्व में अब्दुल कादिर की व्यापक यात्राओं को नोट किया था।लेकिन एक छायादार प्रसार नेटवर्क बनाने के उनके इरादें की सही तरीके से पहचान हीं हो पाई। उस समय मोसाद प्रमुख शबताई शावित के नेतृत्व में इजरायल की खुफिया एजेंसी ने इस क्षेत्र में अब्दुल कादिर की यात्रियों पर नजर रखी।लेकिन शावित ने डेढ़ दशक पहले मुझे बताया था कि मोसाद और अमन (इजरायल की सैन्य खुफिया विभाग) को समझ नहीं आया कि आखिर कादिर क्या कर रहे थे।

# देश का इतिहास राष्ट्रभक्तों की गाथाओं से भरा है: राज्यपाल श्री पटेल



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने डाक विभाग द्वारा फिलैटली दिवस पर मध्यप्रदेश के 6 अनसुने नायक-नायिकाओं पर जारी विशेष आवरण और विरूपण मुहर का अनावरण आज राज भवन में किया।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमारे देश का इतिहास ऐसे राष्ट्रभक्तों की गाथाओं से भरा है, जिन्होंने अपने तप और त्याग से देश को नई दिशा दी है। ऐसे नायक-नायिकाओं के सम्मान से समाज को प्रेरणा और प्रोत्साहन मिलता है। भावी पीढ़ी को समाज, प्रदेश और देश की सेवा का संकल्प और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने डाक विभाग द्वारा प्रदेश के अनसुने नायकों-नायिकाओं पर विशेष आवरण जारी करने के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रदेश के राष्ट्र भक्तों टंट्या भील, गणेश प्रसाद वर्णी, हरि विष्णु कामथ, रतन कुमार गुप्ता, सहोदरा बाई राय और राधादेवी आजाद पर डाक विभाग के विशेष आवरण का अनावरण किया। चीफ पोस्ट मास्टर जनरल जितेन्द्र गुप्ता ने आजादी के अमृत महोत्सव और विशेष आवरण के संबंध में बताया कि विशेष अवसर, व्यक्ति और घटना को अविस्मरणीय बनाने के लिए डाक विभाग द्वारा डाक टिकट जारी किया जाता है। विशेष परिस्थितियों में टिकट जारी नहीं होने की स्थिति में विशेष आवरण जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की आजादी में योगदान देने वाले राष्ट्र भक्तों के योगदान का स्मरण कराने के लिए विशेष आवरण को जारी किया गया है। निदेशक मुख्यालय एस. शिवराम ने बताया कि राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन अक्टूबर में किया जाता है। सप्ताह के दौरान विभाग के उत्पादों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। इस वर्ष 11 से 17 अक्टूबर के दौरान आजादी का अमृत महोत्सव विभाग द्वारा मनाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के अनसुने नायकों-नायिकाओं की स्मृति में विशेष आवरण जारी किया गया है। सहायक निदेशक व्यवसाय चन्द्रेश जैन ने आभार प्रदर्शन किया।

## नीमच जिले में लगेगा 1440 मेगावॉट का पंप हायड्रो प्रोजेक्ट



**भोपाल।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग की उपस्थिति में बुधवार को मंत्रालय में शासन और ग्रीनको ग्रुप के मध्य 1440 मेगावॉट की पंप हायड्रो परियोजना के लिये करार पर हस्ताक्षर किये गये। शासन की ओर से प्रबंध संचालक ऊर्जा विकास निगम विवेक पोरवाल और ग्रीनको ग्रुप की ओर से सीईओ एवं एमडी अनिल चलमासेट्टी ने हस्ताक्षर किये। प्रमुख सचिव ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा संजय दुबे भी इस अवसर पर मौजूद थे। परियोजना नीमच जिले के खिमला गाँव में प्रस्तावित है।

### 7 हज़ार करोड़ की लागत से 290 हेक्टेयर में स्थापित होगी परियोजना

मंत्री श्री डंग ने कहा कि कोयला संकट के बीच 7 हज़ार करोड़ रूपये की यह पंप हायड्रो परियोजना प्रदेश और देश के लिये एक महत्वपूर्ण ऊर्जा विकल्प सिद्ध होगी। श्री डंग ने कंपनी को निर्देश दिये कि परियोजना में अधिकतम स्थानीय लोगों को रोज़गार दिया जाए। परियोजना का कार्य दिसंबर 2021 से शुरू होकर आगामी ढ़ाई सालों में पूर्ण होने की संभावना है। शुरूआत में 1440 मेगावॉट से उत्पादन शुरू होकर 1680 मेगावॉट का लक्ष्य है। संपूर्ण ऊर्जा ग्रीन ऊर्जा होगी। सरोवर में एकत्रित जल से सोलर पंप से ऊर्जा का निर्माण किया जाएगा।

# एडीबी के कंट्री डायरेक्टर ताकियो कोनिशी ने किया जीएसपी सिटी कैंपस का निरीक्षण



**भोपाल।** एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के कंट्री डायरेक्टर ताकियो कोनिशी ने अपनी टीम के साथ मंगलवार को भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क सिटी कैंपस गोविंदपुरा का भ्रमण किया। श्री कोनिशी ने सिटी कैंपस में एड्वांस कम्प्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल मशीन लैब, ईडीएम वायरकट लैब, मेट्रोलॉजी और को-ऑर्डिनेटर्ड मेजरिंग मशीन लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों से चर्चा की और मशीनों के बारे में जाना। ताकियो कोनिशी ने आईटीआई के ट्रेनर्स, ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रतिभागियों और वर्ल्ड स्किल चैंपियनशिप के विद्यार्थियों से भी मुलाकात की। एडीबी के कंट्री डायरेक्टर श्री कोनिशी ने ग्लोबल स्किल पार्क की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एशियन डेव्हलपमेंट बैंक मध्यप्रदेश शासन से जुड़कर गर्व महसूस कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा ग्लोबल स्किल पार्क प्रोजेक्ट का कार्य बहुत अच्छे से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने ग्लोबल स्किल पार्क के थ्री-डी मॉडल को भी देखा और उसकी तारीफ की।

एडीबी टीम में ताकियो कोनिशी के साथ निलाया मिताश प्रिंसिपल, ऑपरेशन्स को-ऑर्डिनेशन स्पेशलिस्ट, सौम्या चट्टोपाध्याय सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर, सुश्री शालिनी मित्तल एसोसिएट एकॉनोमिक एनालिस्ट एवं अतुल संगनेरिया कंसलटेन्ट उपस्थित थे। इस अवसर पर संचालक कौशल विकास जितेन्द्र सिंह राजे, ग्लोबल स्किल पार्क के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हरजिंदर सिंह तथा जीएसपी सिटी कैंपस के एचओडी आर.के. ऑस्टिन भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी परियोजना ग्लोबल स्किल पार्क के लिये एशियन डेव्हलपमेंट बैंक वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रहा है। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश कौशल विकास परियोजना में प्रदेश के 10 संभागीय आईटीआई का भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्नयन किया जा रहा है। आधुनिक उद्योगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए, कौशल विकास रणनीति को दृष्टिगत और अत्यधिक कुशल जनशक्ति के पूल (क्क्रश्वद्य) को बनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मंत्रि-परिषद द्वारा ए.डी.बी ऋण सहायतित, ÷मध्यप्रदेश कौशल विकास परियोजना÷ में ग्लोबल स्किल्स पार्क की स्थापना के लिये 319 पदों के निर्माण और 5 वर्ष के संचालन के लिये 125 करोड़ रूपये की ब्लॉक ग्रांट के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई।

# युवा मोर्चा ने प्रदेश भर में फूंके कमलनाथ के पुतले



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के ऊपर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा अभद्र टिप्पणी और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश के 57 संगठनात्मक जिलों में विरोध प्रदर्शन किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के आह्वान पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह कमलनाथ के पुतले फूंके और जमकर नारेबाजी की। वैभव पवार ने कमलनाथ के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कमलनाथ अपने पद की गरिमा और मर्यादा भूलकर संस्कार विहीन हो गए हैं। उम्र के साथ इनकी यादाश्त भी कम हो गयी है क्योंकि ये मंच पर नेताओं के नाम भी भूल जाते हैं। ये वही कमलनाथ हैं जो महिलाओं पर गंदी टिप्पणी कर उन्हें सजावट का सामान बताते हैं। श्री पवार ने कहा कि अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी करने की आदत कांग्रेस और उनके नेताओं की बन गई है।

**भोपाल में बड़ा प्रदर्शन, जमकर हुई नारेबाजी:** भोपाल में एमपी नगर स्थित बोर्ड ऑफिस चौराहा पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और कमलनाथ का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन में युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत चौहान, मीडिया प्रभारी अंकित गर्ग, अभिनव पांडे, जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जिला महामंत्री सुनील पांडे, उमाशंकर राजपूत, नितेश साहू, शांतनु गुरू, अजय पाटीदार, लकी कुशवाह, अंकित चौहान, नरेंद्र सलूजा, राजेंद्र सिंह सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रूस में कोरोना का कहर, एक दिन में सर्वाधिक 973 लोगों की मौत

**मॉस्को।** कोविड-19 के तेजी से बढ़ते मामलों एवं कम टीकाकरण दर से जूझ रहे रूस में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण एक दिन में रिकॉर्ड दैनिक मृतक संख्या दर्ज की गई, लेकिन प्राधिकारी इस बात पर अड़े हुए हैं कि देश में फिर से लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा। कोरोना वायरस संबंधी सरकार के कार्यबल के अनुसार रूस में इस संक्रमण से मंगलवार को 973 लोगों की मौत हुई। यह महामारी की शुरुआत से अब तक की सर्वाधिक दैनिक मृतक संख्या है। इसके साथ ही देश में मंगलवार को संक्रमण के 28,190 नए मामले सामने आए।



मृतक संख्या बढ़ने के बावजूद क्रेमलिन ने देश में लॉकडाउन लागू किए जाने की संभावना से इनकार कर दिया है और कोरोना वायरस संक्रमण को काबू करने के लिए प्रतिबंध लगाने के संबंध में फैसला क्षेत्रीय प्राधिकारियों पर सौंप दिया है। संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण रूस की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर दबाव बढ़ गया है। देश के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराश्को ने कैबिनेट की बैठक में कहा कि रूस के अस्पतालों में भर्ती कोविड-19 के 2,35,000 मरीजों में से 11 प्रतिशत मरीजों की हालत गंभीर या नाजुक है। रूस में कोरोना वायरस कार्यबल ने देश में संक्रमण के 78 लाख मामलों की पुष्टि की है, जिनमें से 2,18,345 लोगों की मौत हो गई है। यह यूरोप में सर्वाधिक मृतक संख्या है। रूसी सरकार का कहना है कि देश में पिछले महीने से संक्रमण के मामलों में तेजी आने का कारण टीकाकरण दर कम होना है।

# सीतारमण ने अमर्त्य सेन की खिंचाई कर कहा, चिंताजनक है कि विद्वान अब तथ्यों पर बात नहीं करते



**बोस्टन।** भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के बारे में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन के विचारों को लेकर आलोचना की है।सीतारमण ने अमर्त्य सेन की खिंचाई कर कहा कि यह 'चिंताजनक है कि विद्वान अब तथ्यों पर बात नहीं करते हैं, बल्कि अपनी पसंद और नापसंद से प्रभावित होकर उनके गुलाम बन सकते हैं। प्रोफेसर लॉरेंस समर्स ने सीतारमण से सवाल किया कि अर्थशास्त्री सेन ने भाजपा सरकार के संबंध में कड़ी आपत्तियां जाहिर की हैं? उन्होंने पूछा कि इस प्रकार की भावना है कि सहिष्णुता की विरासत पर 'काफी सवाल खड़े हो रहे हैं' और 'आपकी सरकार ने मुस्लिम आबादी के प्रति' जो रवैया अपनाया है, 'वह सार्वभौमिकता और समावेशिता के हमारे मूल्यों के मद्देनजर अमेरिका और भारत के बीच आता है? इसके जबाव में सीतारमण ने कहा, जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है, उनमें भी हिंसा की घटनाओं के लिए 'प्रधानमंत्री मोदी जिम्मेदार होंगे, क्योंकि यह मेरे विमर्श के अनुकूल है।

सीतारमण ने कहा कि डॉ. अमर्त्य सेन, जिनका आपने जिक्र किया, मैं उनका सम्मान करती हूं। उन्होंने कहा कि 'वह भारत जाते हैं, वहां आजादी से घूमते हैं और जो कुछ भी हो रहा है, उसका पता लगाते हैं।इससे हमें विशेषकर एक विद्वान को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि कौन तथ्यों के आधार पर बात कर रहा है।उन्होंने कहा, नहीं, यह चिंताजनक है कि विद्वान अब तथ्यों के आधार पर टिप्पणी करने के बजाय अपनी निजी पसंद एवं नापसंद से अधिक प्रभावित हो सकते हैं।

# लूसी स्पेसक्राफ्ट सौर मंडल के बाहर भेजकर नासा बनाएगा रिकॉर्ड, अंतरिक्ष की प्राचीनता के बारे में जानकारी देगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा एस्टेरॉयड्स की स्टडी के लिए अगले एक हफ्ते में एक बड़ा मिशन लांच करने वाली है।मिशन का नाम है,लूसी एस्टेरॉयड स्पेसक्राफ्ट है। लूसी अंतरिक्ष में जाकर प्राचीन एस्टेरॉयड्स का अध्ययन करेगा और सौर मंडल की उत्पत्ति के रहस्यों का पर्दाफाश करेगा।मिशन की लागत 7387 करोड़ रुपए है।लूसी स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में भेजने का लांच विंडो 16 अक्टूबर से शुरू होगा है।यानी तीन दिन बाद इस स्पेसक्राफ्ट को किसी भी समय नासा लांच कर देगा है।मिशन 12 साल के लिए है।लूसी को सौर मंडल से बाहर जाने में 12 साल का समय लगेगा। इस दौरान यह आधा दर्जन से ज्यादा ट्रोजन एस्टेरॉयड्स के अगल-बगल से निकलेगा।ये एस्टेरॉयड बृहस्पति ग्रह के चारों तरफ चक्कर लगा रहे हैं।

इस मिशन में कई काम पहली बार होने वाले हैं।जैसे, लूसी पहली बार बृहस्पति ग्रह के एस्टेरॉयड बेल्ट से गुजरेगा। पहली बार कोई स्पेसक्राफ्ट सौर मंडल के बाहर भेजा जा रहा है।पहली बार सौर मंडल और ब्रह्मांड के प्राचीन इतिहास के अध्ययन के लिए किसी स्पेसक्राफ्ट को लांच किया जा रहा है।नासा ने कहा है कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि एक ही मिशन से कई काम किए जा रहे हैं।हम इतिहास खंगालने जा रहे हैं।

नासा ने कहा कि लूसी हमें अंतरिक्ष की प्राचीनता के बारे में जानकारी देगा। ग्रहों की उत्पत्ति और एस्टेरॉयड्स की स्थितियों की जानकारी देगी।लूसी नाम 32 लाख साल पुराने इंसानी कंकाल के ऊपर दिया गया है।इस कंकाल से इंसानों की उत्पत्ति का पता चला था।इंसानों के सतत विकास के अध्ययन में एक नया मोड़, नई परिभाषा सामने आई थी।लूसी की खोज 1974 में हुई थी।

अंतरिक्ष में मौजूद एस्टेरॉयड्स किसी हीरे से कम नहीं है।इनकी स्टडी करके हम बड़े ग्रहों की सरंचना का पता कर सकते हैं।हम यह पता कर सकते हैं कि हमारा सौर मंडल कैसे बना।सौर मंडल को बनाने में किस-किस चीज की जरूरत पड़ी या लगा। लूसी स्पेसक्राफ्ट अपनी 12 साल की यात्रा के दौरान करीब आठ एस्टेरॉयड्स का अध्ययन करेगा। इस दौरान धरती के नजदीक तीन बार आएगा। जिसमें से दो बार सौर मंडल के अंदर से और तीसरी बार सौर मंडल के बाहर से।यह एक बड़ा कदम है अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए. हम मंगल और बृहस्पति ग्रह के बीच मौजूद एस्टेरॉयड की दुनिया को समझना चाहते हैं।जिन 8 एस्टेरॉयड्स की स्टडी लूसी करेगा, उसमें सात ट्रोजन एस्टेरॉयड्स हैं। चार ट्रोजन एस्टेरॉयड्स जोड़े में है। यानी लूसी एक बार में दो एस्टेरॉयड का अध्ययन करेगा। साथ ही दो एस्टेरॉयड्स की तस्वीरें भेजेगा। लूसी स्पेसक्राफ्ट कई प्रकार के एस्टेरॉयड्स की अध्ययन के अलावा कई नए रहस्य का खुलासा भी करेगा।पता करेगा कि क्या किसी एस्टेरॉयड पर जीवन संभव है।उनपर सिर्फ सिलिकेट्स, क्ले हैं या फिर कार्बनिक पदार्थ भी हो सकते हैं।क्या किसी एस्टेरॉयड पर सूक्ष्म जीवन है या रहा है।या फिर भविष्य में संभव है।

## दक्षिण एशिया में शांति के लिए जरुरी हैं, भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे को सुलझाया जाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि दक्षिण एशिया में शांति तब तक संभव नहीं है, जब तक भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे को सुलझाया नहीं जाता। सीआईसीए की वर्चुअल बैठक में कुरैशी ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दे पर जहर उगला है। कुरैशी ने कहा कि जब तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और कश्मीर के लोगों की इच्छाओं के अनुसार जम्मू-कश्मीर के मुख्य विवाद को हल नहीं होता,तब तक दक्षिण एशिया में स्थायी शांति संभव नहीं है।जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 5 जवान शहीद हो गए। जब-जब पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियां या तनाव बढ़ता है पाकिस्तान इस मौके का फायदा उठाने के लिए इस तरह के बयान देता रहता है। इससे पाकिस्तान का दोहरा चरित्र बेनकाब होता है। क्योंकि कश्मीर में पाकिस्तान ही सीमापार से दहशतगर्दों को कश्मीर में भेजता है।भारतीय सेना का ध्यान भटकाने और आतंकियों को कश्मीर में प्रवेश कराने के लिए पाकिस्तान सीमा पर सीजफायर उल्लंघन का सहारा लेता है। हालांकि भारतीय सेना ज्यादातर पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देती है। अफगानिस्तान पर कुरैशी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे शांति, स्थिरता और विकास की तलाश में अफगान लोगों का समर्थन करें। उन्होंने संवाद और सहयोग के माध्यम से एशियाई महाद्वीप पर शांति, सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देने के लिए सीआईसीए की सराहना की।

## नैनो न्यूज

### केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन आज 'चेम्बर भवनक्रमें

**ग्वालियर।** केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में शामिल होने के पश्चात प्रथम बार आज गुरुवार दिनांक 14 अक्टूबर,21 को सायं 5.15 बजे केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, भारत सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रथम बार चेम्बर भवन में आगमन हो रहा है। इस अवसर पर सिंधिया द्वारा एमपीसीसीआई की स्थापना के 115 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष लोगो का विमोचन किया जायेगा। साथ ही, एमपीसीसीआई द्वारा सिंधिया का स्वागत एवं सम्मान किया जायेगा। एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा एमपीसीसीआई के समस्त सदस्यों से उपरोक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारने की विनम्र अपील की है।

### हिंदू सेना ने जलाया पाकिस्तान का पुतला



**ग्वालियर।** जम्मू कश्मीर में फौजी भाइयों पर हमले को लेकर और पाकिस्तान के द्वारा लगातार हो रही आतंकवादी गतिविधियों के विरोध में हिंदू सेना ग्वालियर ने आज दिनांक 12 अक्टूबर 2021 को ग्वालियर हृदय स्थल पर महाराज बाड़े पर आतंकवाद का पुतला दहन किया आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा कर प्रदर्शन किया तथा चेतावनी दी सैनिकों पर पीछे से हमला करते हो अगर हिम्मत है तो भारत की सेना के सामने से युद्ध करो तब दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान का नाम ही मिट जाएगा वही हमारे शहीद हुए फौजी भाइयों को पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि भी अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण भी रखा पुतला दहन करने वालों में मुख्य रूप से धर्मेंद्र शिंदे बलवंत डोंगे राधे लाल वर्मा अनिल वर्मा अमित गुप्ता आकाश सिनोरिया मुकेश पाल अनिल पिसान सौरभ सोनी गोलू जुनेजा मनोज कुशवाह प्रकाशराव मदन वसंतराव रवि भिलवार छोटू कुशवाहा विक्की ओझा दीपक बाथम अमन सोनी जापानी राठौर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बदलने लगा मौसम का मिजाज फिजा में घुलने लगी ठंडक

**ग्वालियर।** अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह के आखिर में अब मौसम का मिजाज तेजी से बदलने लगा है ।उत्तरी दिशा से चलने वाली हवाओं के कारण अब फिजा में ठंडक घुलने लगी है वही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से सुबह शाम गुलाबी सर्दी का एहसास होने लगा है। दिन के समय अधिकतम तापमान जहां 35 डिग्री के आसपास चल रहा है ।वहीं न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम के बदलते मिजाज के कारण अब लोगों की सेहत पर भी असर पड़ने लगा है ।दिन के समय धूप में तेजी के कारण गर्मी का एहसास होता है वहीं शाम होते ही मौसम ठंडा होने लगता है और रात के समय पंखे की हवा में गुलाबी सर्दी का एहसास होने लगा है। मौसम का मिजाज देखते हुए दीपावली तक सर्दी अपना असर दिखाने लगेगी।

### दुकान के ताले चटके 72 हजार की नगदी चोरी

**ग्वालियर।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित पटेल नगर में चोर एक दुकान के ताले चटका कर 72 हजार की नगदी चोरी कर ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिकंदर कंपू निवासी शंकरराव की पटेल नगर में दुकान है। बीती रात चोरों ने उनकी दुकान के ताले चटका दिए और गल्ले में रखी 72 हजार की नकदी चोरी कर ले गए ।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

# क्षेत्र में निर्वाध रूप से मिले विद्युत : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 6 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत विभाग के लगभग 6 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन करते हुए कहा कि ग्वालियर संभाग में विद्युत ट्रांसफार्मर के परीक्षण एन.ए.बी.एल. लैब व 5 एमव्हीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर एवं 200 केव्हीए 5 ट्रांसफार्मर का आज भूमि पूजन किया जा रहा यह ग्वालियर संभाग के लिए बहुत बडी सौगात है। लैब के यहां स्थापित होने से भोपाल, बेंगलोर, बडोदा व इंदौर आदि क्षेत्र में परीक्षण के लिए जाने वाले ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग अब ग्वालियर में ही हो सकेगी। जिससे क्षेत्र में निर्वाद रूप से विद्युत उपभोक्ताओं को आसानी से मिल सके।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महलगांव स्थित क्षेत्रीय भण्डारण गृह में 5 करोड़ से अधिक की लागत से बनाई जा रही एन.ए.बी.एल. (राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला ) के बनने से आने वाले ट्रांसफार्मर आदि की टेस्टिंग शीघ्र व कम खर्चे में आसानी से हो जायेगी। इससे समय और रूपये दोनो की बचत होगी। साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य भी हमें मिलेगा। यह लैब पूरी तरही से ओटोमैटिक रहेगी, जिसमें मशीनों द्वारा ही ट्रांसफार्मर व अन्य उपकरणों की जाचं आसानी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश योजना के तहत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर इस प्रकार की लैब बनाई जा रही हैं। इनके बनने से विद्युत पार्टस में होने वाली खराबियों को शीघ्र पकड कर सुधारा जा सकेगा तथा कार्य की गुणवत्ता में भी सुधार आयेगा। साथ ही कहा कि अधिकारी व कर्मचारी मिलकर पूरी इमांदारी से कार्य करें तो हम विद्युत विभाग को फायदे में ला सकते हैं। फायदे में रहेगी तो आपको बोनस भी मिलेगा। कांचमील में 87.68 लाख की लागत से 5 एमव्हीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि इसके लगने से वार्ड 16 व 17 के लगभग 3 हजार उपभोक्ताओं को सीधा इसका लाभ मिलेगा। क्षेत्र में ट्रिपिंग व वोल्टेज की समस्या से निदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि गर्मी में लोड अधिक होने के कारण ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती थी। साथ ही कहा कि क्षेत्र में विद्युत समस्या के निदान के लिए सब स्टेशन बनाये जा रहे है।



# देखने गए कार, पसंद आई मालकिन: कार दिखाने वाली महिला को दिल दे बैठे सब इंस्पेक्टर

**ग्वालियर।** आपने सुना है कि कोई युवक सेकेंड हैंड कार खरीदने गया हो और वाइफ ले आया हो? ग्वालियर में कुछ ऐसा ही हुआ है। वो भी पुलिस विभाग के खुफिया सेल में पदस्थ एक सब इंस्पेक्टर के साथ। असल में, पुलिस अफसर ने हरूङ्ग पर सेकेंड हैंड कार का ऐड देखा था। जब वह गाड़ी देखने गया, तो वहां मिली एक महिला को दिल दे बैठा। प्यार परवान चढ़ा तो दोनों ने शादी कर ली। वो महिला ही कार की मालकिन थी।

पत्नी के साथ दो साल गुजार दिए, अब पता लगा कि पत्नी तो पहले से शादीशुदा है। यही नहीं, उसका 8 साल का बेटा भी है। राज खुला तो पत्नी सामान समेटकर अपने घर चली गई। एसआई ने कोर्ट में तलाक के लिए आवेदन लगाया है। पत्नी ने भरण पोषण व घरेलू हिंसा का केस दायर किया है। कोर्ट ने महिला से जवाब मांगा है। ग्वालियर पुलिस विभाग के खुफिया सेल में पदस्थ एक 29 वर्षीय सब इंस्पेक्टर ने जून 2019 में हरूङ्ग पर सेकेंड हैंड आई-10 कार सेल का ऐड देखा था। उन्हें कार अच्छी लगी। वह कार को फिजिकली देखने के लिए डीडी नगर के एड्रेस पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा एक खूबसूरत महिला ने खोला। उसने बताया कि गाड़ी कोई ले गया है। महिला ने खुद को ब्राहम्ण बताया, जबकि हकीकत में दूसरी जाति की है। साथ ही, बताया कि उसका इस दुनिया में कोई नहीं है। वह कुंआरी है। इसके बाद महिला ने सब इंस्पेक्टर से स्टेशन के लिए लिफ्ट मांगी। रास्ते में एसआई का मोबाइल नंबर भी ले लिया, जिससे उसे कार लौटने पर बुला सके। साथ ही, अपना मोबाइल नंबर भी दे दिया। दोनों में बातचीत शुरू हो गई। प्यार परवान चढ़ा तो जुलाई 2019 में आर्य समाज मंदिर से शादी कर ली।



### महिला निकली पहले से शादी शुदा, फौजी से लिया था तलाक

कुछ समय पहले सब इंस्पेक्टर को पता लगा कि उसकी बीवी पहले से शादीशुदा है। उसका एक 8 साल का बच्चा भी है। पति फौजी है। फौजी पति से उसने तलाक ले रखा है, लेकिन अभी भी उससे मिलने जाती है। लगातार उससे संपर्क में है। राज खुलने पर एसआई ने विरोध किया।

### ऐसे हुआ खुलासा

एसआई का कहना है कि जब भी वह अचानक घर पहुंचता, तो पत्नी घर पर नहीं मिलती थी। उसे शक भी हुआ। एक दिन जब वह घर से चली गई, तो उसने पीछा किया। उसने देखा कि महिला अपने पहले पति से मिलने डीडी नगर जाती थी। पड़ोसियों से बात करने पर हकीकत सामने आई। राज खुलने के बाद एक दिन एसआई की अनुपस्थिति में महिला घर का सामान भरकर अफसर का घर छोड़कर चली गई।

### अब कोर्ट में है मामला

एसआई ने कुटुंब न्यायालय में तलाक का आवेदन पेश किया है। उसका कहना है कि पत्नी ने अपना सरनेम बदल लिया था कि वह घर में अच्छा निभाएगी। प्रेम विवाह करने से पहले उसके अच्छे घरों से रिश्ते आए थे, लेकिन पत्नी ऐसा धोखा देगी, उम्मीद नहीं थी। दूसरी ओर पत्नी ने भरण पोषण व घरेलू हिंसा का केस दायर कर दिया है। कोर्ट ने महिला से जवाब मांगा है।

### बीएसएफ जवान से 46 हजार के टिकट के नाम पर सवा दो लाख रुपए वसूले,मामला दर्ज

**ग्वालियर।** देहात के बिलौआ थाना क्षेत्र मे रहने वाले एक बीएसएफ जवान से ट्रेवल्स कंपनी संचालकों ने 46 हजार रुपए के हवाई जहाज व रेल के टिकट के नाम पर सवा दो लाख रुपए वसूल लिए। ठगी का पता उस समय चला जब जवान ने टिकट अपने विभाग में जमा कराए तो पता चला कि टिकट फर्जी है। पुलिस ने जवान की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बिलौआ थाना क्षेत्र निवासी राम शर्मा पुत्र विद्याराम शर्मा बीएसएफ जवान है और कुछ माह पूर्व विभाग ने उसे पारिवारिक यात्रा के लिए निकोरबार जाने के लिए छुट्टी स्वीकृत की थी। इसी बीच इसकी जानकारी आशीष टूर एंड ट्रेवल्स के कर्मचारियों को लगी तो निशा नामक कर्मचारी ने उससे संपर्क किया और सभी के ग्वालियर से हावड़ा तक ट्रेन के टिकट कराने तथा हावड़ा से पोर्ट ब्लेयर तक हवाई जहाज के टिकट कराकर देने का आश्वासन दिया।

# पट्टे पाकर खिले लौहपीटा परिवारों के चेहरे, अब रहेगें खुद की छत के नीचे



### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 28 लौहपीटा परिवारों को वितरित किए भूमि के पट्टे

**ग्वालियर।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का भी खुद का मकान हो। इसी मंशानुसार आज मनोरंजनालय और स्टेट बैंक तानसेन नगर के सामने निवास करने वाले लौहपीटा समाज के 28 परिवारों को भूमि के पट्टे का प्रमाण पत्र वितरित किये जा रहे हैं। जिससे अब इनका परिवार भी अपनी स्वयं की पक्की छत के नीचे निवास कर सके। उक्ताश्य के विचार प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नारायण विहार गोला का मंदिर में 28 परिवारों को भूमि का पट्टा वितरित करते हुए कहे। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि कई पीढ़ियां आपकी सडक पर झोंपडी में निवास करते हुए निकल गईं। परंतु आपका कभी भी अपने स्वयं के मकान में रहने का सपना पूरा नहीं हो पाया। वह सपना प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरा कर दिया हैं। मेरे आग्रह पर उन्होंने आपके लिए पट्टे देने का आदेश स्वीकृत किया और आज आपको जगह का पट्टा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा जिस दिन आपको खुद की छत मिल जायेगी, उसी दिन मेरा आपसे किया वादा पूरा होगा।

उन्होंने कहा कि आपने गर्मी, बरसात, सर्दी भी सड़क किनारे झोपडी में रहते हुए वर्षों निकाल दिये। कुछ समय पहले आपको नारायण विहार में विस्थापित किया गया था तब मैने आपसे वादा किया था कि आज विस्थापन की प्रक्रिया की जा रही है, कुछ समय बाद आपको वहीं पर स्थाई पट्टे दिये जाएगें। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोह पीटा समाज के परिवार अभी पट्टे से वंचित रह गए हैं, उनको भी पट्टे देने की प्रक्रिया की जाएगी। साथ ही लोहपीटा समाज के नागरिको ने ऊर्जा मंत्री श्री तोमर का फूलमाला पहनाकर आभार व्यक्त किया तथा खुशी जाहिर की।

# सालों से था कब्जा, हटाने में लगे सिर्फ 20 मिनट



**ग्वालियर।** ग्वालियर में बुधवार दोपहर जिला प्रशासन और मदाखलत की टीम ने पुरानी छावनी गंगा मालनपुर में भू माफिया बल्ली कमरिया के अवैध मकान को जमींदोज कर दिया है। इस जमीन पर सालों से उसका कब्जा था पर प्रशासन को उसे हटाने में सिर्फ 20 मिनट लगे। छ्ष्ट्क्र का पंजा चला और अवैध मकान को ढहा दिया गया। मकान मालिक बल्ली कमरिया पर आरोप है कि उसने सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान बनाया है। अभी वह जेल में हैं। कुल मुक्त कराई गई भूमि 3000 स्क्वॉयर फीट है। जिस पर बने मकान की कीमत 75 लाख रुपए बताई जा रही है। जबकि बल्ली के परिजन का आरोप है कि जिला प्रशासन के अफसर, तहसीलदार व पटवारी मिलकर तालाब की सरकारी जमीन पर प्लाट कटवा रहे हैं। जिसकी शिकायत करने पर उन्हें टारगेट किया गया है।

जिला प्रशासन की टीम ने पुरानी छावनी गंगा मालनपुर इलाके में बने एक मकान को जमींदोज कर दिया। आरोप है कि यह मकान भू माफिया व बदमाश बल्ली कमरिया ने इसे सरकारी जमीन पर बनाया था। 3 हजार स्क्वायर फीट में बने इस मकान की कीमत करीब 75 लाख रुपये थी। बल्ली कमरिया पर 12 अपराधिक मामले दर्ज हैं और अभी एक गिरफ्तारी वारंट में पकड़े जाने के बाद वह जेल में बंद है। गांव गंगा मालनपुर के शासकीय सर्वे क्रमांक 751 की भूमि रास्ते के लिए है। बल्ली ने उसी पर कब्जा कर यह मकान तान दिया था। इस अतिक्रमण के संबंध में न्यायालय में भी मामला चल रहा है। बुधवार दोपहर को स्ष्ठरू प्रदीप तोमर के नेतृत्व में तहसीलदार, पटवारी व मदाखलत के अमला गंगामालनपुर पहुंचा। यहां हंगामे के आसार देखते हुए पहले से ही काफी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद था। पुलिस की गांव में उपस्थिति को देखते हुए गांव के लोगों को आभास हो गया था आज कुछ न कुछ होने वाला है। दोपहर में जिला प्रशासन की टीम पहुंची और बल्ली के परिजन को तत्काल घर खाली करने की चेतावनी दी। गांव के लोग और बल्ली के परिजन ने हंगामा मचाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस फोर्स को देखकर मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके।

**बल्ली के परिजन का आरोप:** इस कार्रवाई पर बल्ली के भाई सोनू कमरिया का कहना है कि उन्होंने शासकीय अमले की मिलीभगत से तालाब की जमीन पर काटी जा रही कॉलोनी के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। जिसके कारण उनके मकान को टारगेट किया गया है।



# ऐसे नवाचार करें जिनसे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले की पहचान बनें : कलेक्टर

### अंतरविभागीय समन्वय बैठक में हुई नवाचारों पर चर्चा

**ग्वालियर।** जनहित से जुड़े विभाग ऐसे नवाचार करें जो राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले की पहचान बन सकें। यह निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने नवाचारों को धरातल पर लाने के लिए विभागवार 3 से 6 माह तक की समय-सीमा निर्धारित की है। बुधवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सरकार की योजनाओं के तहत विभागवार हुए अच्छे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही अगले महीनों में मूर्तरूप लेने जा रहे नवाचारों के संबंध में सुझाव भी लिए। उन्होंने जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्कूलों की मॉनीटरिंग के लिए बनाए गए सिस्टम की सराहना की। इस सिस्टम के तहत जिले स्तर से हर कार्य दिवस को रेण्डम आधार पर 15 स्कूलों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मॉनीटरिंग की जाती है। जिसके तहत शौचालय व स्कूलों की साफ-सफाई की निगरानी के साथ-साथ बच्चों से चर्चा कर शैक्षणिक गुणवत्ता व पाठ्यक्रम अनुसार पढ़ाई पर नजर रखी जाती है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



**नवाचारों के लिए विभागवार आए सुझाव:** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ग्वालियर शहर में एक स्कूल को अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ उत्कृष्ट शिक्षकों की व्यवस्था कर आदर्श विद्यालय बनाया जाएगा। इसमें प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर छोटे बच्चों की अनौपचारिक पढ़ाई में आंगनबाड़ी केन्द्र भी सहयोग करेंगे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि आदर्श विद्यालय में सभी व्यवस्थायें व पढ़ाई उत्कृष्टतम हो, जिससे उसमें प्रवेश के लिये बड़ी प्रतिस्पर्धा हो और विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे जिले का नाम रोशन कर सकें। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार व नौकरी दिलाने के लिये एक प्लेटफार्म के रूप में कंपनी गठित की जायेगी। साथ ही हर माह प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर महिलाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी दिलाने के प्रयास भी होंगे। नगर निगम द्वारा बस स्टेण्ड के रेन बसेरे (आश्रय केन्द्र) में आधुनिक होटल जैसी सुविधायें जुटाई जायेंगीं। साथ ही दीनदयाल रसोई को और बेहतर बनाकर उसका विस्तार किया जाएगा। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा हर ग्राम पंचायत में ÷किसान लाइब्रेरी'' स्थापित की जाएगी। इसमें किसानों को उन्नत खेती-किसानी की जानकारी देने के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के तरीके बताए जायेंगे। उद्यानिकी विभाग से ÷एक जिला एक उत्पाद'' के तहत आलू प्रोसेसिंग की 10 यूनिटें स्थापित करने के लिये कहा गया है। इसी तरह कृषि उपज मंडियों में एक ऐसा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जहाँ पर किसानों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी मिले और उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी हो सके। कृषि विभाग की आत्मा योजना के तहत भरथरी व बिलौआ में सरकार की योजना के तहत किसानों को मदद देकर उन्नत खेती कराई जायेगी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478